RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 57 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, मंगलवार, 25 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## 40 लोग अस्पताल में भर्ती

# नागपुर में क्लोरीन गैस लीक से अफरा-तफरी

### सभी को अस्पताल में कराया भर्ती, 5 गंभीर को आईसीयू में किया शिफ्ट

एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र नागपुर के गोधनी नगर पंचायत के फागुजी नगर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में बीती रात करीब रिजर्व क्लोरीन सिलेंडर से गैस लीक होने से करीब 40 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना की सूचना मिलते ही नागपुर फायर विभाग, एनडीआरएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीमें भी मौके पर पहुंचीं। एहतियात के तौर पर 200 मीटर के क्षेत्र को सील कर दिया गया और लोगों की आवाजाही रोक दी गई है। मौके पर राहत और बचाव काम कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्लांट में क्लोरीन गैस के दो सिलेंडर रखे थे। इनमें से एक सिलेंडर इस्तेमाल में था, जबकि दूसरा रिजर्व रखा गया था। रात करीब 12.30 बजे रिजर्व सिलेंडर से अचानक गैस लीक होने लगी। कुछ ही देर में आसपास के इलाके में क्लोरीन गैस फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय सोशल एक्टिविस्ट ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करीब 200 मीटर के इलाके को खाली कराया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। गैस से प्रभावित ४० लोगों को गोधनी रोड स्थित मैक्स हॉस्पिटल, मेयो हॉस्पिटल और स्पर्श हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इनमें से तीन मरीज आईसीयू में हैं। लीकेज को नियंत्रित करने के लिए एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर गैस लीकेज रोकने का प्रयास कर रही है । इसके साथ ही हेल्थ सेंटर की टीम भी इलाके में पहुंचकर घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि गैस लीक होने के समय प्लांट में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। ऐसे में प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था, रात के समय कर्मचारियों की गैरमौजूदगी और क्लोरीन सिलेंडर की हैंडलिंग को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# 'अमेरिकी राष्ट्रपति के अप्रत्याशित व्यवहार के कारण सतर्क रहना पड़ता है'



**नई दिल्ली**। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि जून में फ्रांस में जी-7 की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के वक्त विदेश मंत्रालय का मीडिया के प्रश्न नही लेने का अनुरोध अमेरिकी राष्ट्रपति के अप्रत्याशित व्यवहार के कारण एक सतर्क दृष्टिकोण था। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर द्वारा हाल ही में इस बारे में की गईं टिप्पणियों को लेकर मीडिया के सवालों पर सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने यह अनुरोध एक मानक प्रक्रिया के अनुरूप किया था। सूत्रों ने कहा कि किसी भी अतिविशिष्ट व्यक्ति (वीवीआईपी) के दौरे से पहले नेताओं की सार्वजनिक उपस्थिति की व्यवस्थाओं पर चर्चा करना सामान्य प्रक्रिया है। इस संबंध में भारतीय पक्ष ने ऐसे दौरों के लिए अपनी मानक प्रक्रिया से अवगत कराया। अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल उनके अप्रत्याशित व्यवहार के प्रति सतर्क रहते हैं, जैसा कि दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन के राष्ट्रपतियों के साथ उनकी बातचीत से स्पष्ट होता है। इसलिए भारत का यह सतर्क दृष्टिकोण है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एक मीडिया संवाद कार्यक्रम में दावा किया था कि 17 जून को फ्रांस में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच हुई बैठक में भारत के विदेश मंत्रालय ने बिना प्रश्नोत्तर के मीडिया से बातचीत करने का अनुरोध किया था। हालांकि, राजदूत के अनुसार ट्रम्प ने विदेश मंत्रालय के अनुरोध को नजरअंदाज करते हुए मीडिया के प्रश्नों के उत्तर दिए थे।

# गिनी में लैंडफिल हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हुई, 22 घायल

एजेंसी। कोनाक्री



गिनी की राजधानी कोनाक्री में भारी बारिश के बाद एक कचरा डंपिंग साइट का विशाल ढेर ढह गया। हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर और 16 अन्य मामूली रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा रविवार तड़के करीब 2 बजे ग्बेसिया इलाके में हुआ। ब्रिटिश दैनिक समाचार पत्र 'द गार्डियन' तथा चीन की आधिकारिक सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सरकार के हवाले से बताया कि रातभर हुई भारी बारिश के कारण लैंडफिल में जमा कचरे का बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया और पास में बने टेंट, झुग्गियों तथा कमजोर मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। बचावकर्मी मलबे में फंसे लोगों की तलाश के लिए एक्सकेवेटर और अन्य भारी मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हादसे में अपने पांच बच्चों को खोने वाली सिरे डियालो ने पत्रकारों से कहा, "मैंने अपने सभी बच्चों को खो दिया है। अब मैं बस भगवान पर भरोसा कर सकती हूं। यह दुर्घटना सरकार द्वारा लैंडफिल को बंद करने की योजना की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद हुई है। क्षेत्रीय प्रशासन मंत्री जेनाबू टौरे कमारा ने गुरुवार को कहा था कि साइट असुरक्षित हो चुकी है और यहां आने वाले कचरे को कोनाक्री से बाहर किसी दूसरी जगह ले जाया जाएगा। बारिश के मौसम में पश्चिम अफ्रीका के घनी आबादी वाले शहरों में भूस्खलन और अचानक आने वाली बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। खराब बुनियादी ढांचे और अनियोजित बस्तियों के कारण ऐसे हादसों में जानमाल का नुकसान और बढ़ जाता है। गिनी के प्रधानमंत्री अमादौ ओरी बाह ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने नुकसान का जायजा लेने के साथ राहत और बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रधानमंत्री ने लोगों से शांत रहने, एकजुटता बनाए रखने और बचाव सेवाओं तथा संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की। बचावकर्मी मलबे को हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीनों और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे थे। चश्मदीदों का कहना था कि मलबा इतना ज़्यादा था कि उसमें एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के साथ-साथ कमज़ोर घर भी दब सकते थे। घटनास्थल पर मौजूद एक महिला ने बताया कि उनके पांच बच्चे मारे गए। उन्होंने कहा, "मैंने अपने सभी बच्चों को खो दिया है। अब मैं बस भगवान पर भरोसा कर सकती हूं। गौरतलब है कि, अप्रैल में विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, करीब 1.51 करोड़ की आबादी में से लगभग 37 लाख लोग रोजाना 4.20 डॉलर (401.70 रुपये) से कम आय पर जीवन गुजारते हैं। गिनी में दुनिया का सबसे बड़ा बॉक्साइट भंडार और सिमांडू में सबसे समृद्ध अप्रयुक्त लौह अयस्क भंडार है, जहां नवंबर में एक बड़ा खनन प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। लेकिन इस पश्चिमी अफ्रीकी देश में बुनियादी ढांचा खराब है और गरीबी बड़े पैमाने पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश के साथ मज़बूत कारोबारी रिश्ते चाहता है भारत : दिनेश त्रिवेदी





**ढाका**। बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने सोमवार को दोनों देशों के बीच बिजनेस-टू-बिजनेस संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनीति अपने स्तर पर आगे बढ़ती रहेगी, लेकिन लोगों के हितों और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता देना जरूरी है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, वाणिज्य मंत्री खांडकर अब्दुल मुक्तादिर के साथ बैठक के बाद सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कारोबारी रिश्तों को आगे बढ़ाना चाहिए। लोगों तक जरूरी सुविधाएं और अवसर पहुंचाना दोनों देशों की जिम्मेदारी है और भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य सकारात्मक है। भारतीय उच्चायुक्त ने बांग्लादेश को एक स्वतंत्र, संप्रभु और जीवंत देश बताते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच किसी तरह का बड़ा-छोटा संबंध नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, "कोई बड़ा या छोटा नहीं है। हम सब बराबर हैं और हमें इसी आधार पर काम करना है। त्रिवेदी ने दोनों देशों के बीच शांति और समृद्धि के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अगर शांति सुनिश्चित होती है तो खुशहाली का रास्ता भी खुलता है। भारतीय दूत ने कहा कि आम लोगों की जरूरतें बहुत बुनियादी हैं। वे बेहतर जीवन, जरूरी सुविधाएं और सबसे बढ़कर शांति चाहते हैं। दोनों देशों के नेताओं और नीति-निर्माताओं को फैसले लेते समय आम लोगों, खासकर सबसे गरीब वर्ग पर उनके प्रभाव को ध्यान में रखना चाहिए।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा, खिलाड़ी व शैक्षणिक संस्थान एक साथ जुड़ेंगे, प्रधानमंत्री करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर 27 अगस्त को एक व्यापक युवा सहभागिता पहल 'खेलो इंडिया डायलॉग - खेल की बात, प्रधानमंत्री मोदी के साथ' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का आभासी संबोधन भी होगा और उनके संबोधन के बाद सभी भाग लेने वाले स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम शुरू होंगे। खेल मंत्रालय के अनुसार कार्यक्रम के तहत देशभर में 15 सौ से अधिक स्थानों पर युवा, खिलाड़ी और शैक्षणिक संस्थान एक साथ जुड़ेंगे। यह राष्ट्रव्यापी पहल युवा खिलाड़ियों को अपने विचार, सुझाव और सोच साझा करने का सीधा मंच प्रदान करेगी। कार्यक्रम में आआईटी, आईआईएम, एनआईटी, एम्स, प्रमुख मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय सहित कई शैक्षणिक संस्थान भाग लेंगे। इस पहल की एक प्रमुख विशेषता खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं और देश के अग्रणी खिलाड़ियों एवं पदक विजेताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। दीपा कर्माकर, साइना नेहवाल, गगन नारंग, श्रीजेश, मैरी कॉम, बाइचुंग भूटिया, गोपीचंद, अंजू बॉबी जॉर्ज, कर्णम मल्लेश्वरी, मीराबाई चानू और पी.टी. उषा जैसे प्रमुख खिलाड़ी, साथ ही जाने-माने क्रिकेटर, युवाओं से जुड़ेंगे और अपने खेल सफर, चुनौतियों और अनुभवों को साझा करेंगे। इस पहल में सांसद, विधानसभा सदस्य, केंद्रीय मंत्री, राज्यमंत्री और राज्य खेल मंत्री भी युवाओं से जुड़ेंगे और चार निर्धारित विषयों पर उनके विचार और सुझाव प्राप्त करेंगे।

# ईडी ने डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में गोवा से दो लोगों को किया गिरफ्तार





**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा में डिजिटल अरेस्ट के जरिए हुई साइबर ठगी की रकम को हवाला और विदेशी मुद्रा में बदलने वाले नेटवर्क से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने फहीम मोइन हुसैन सैयद और नईम मुईन सैय्यद को रविवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। दोनों को गोवा की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तरी गोवा साइबर अपराध थाने में 9 जून 2025 को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई जांच का हिस्सा है। मामले में गोवा की एक महिला को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डराकर 21 मई से 2 जून 2025 के बीच 2.60 करोड़ रुपये से अधिक की रकम कथित तौर पर 'गुप्त निगरानी खाते' में जमा कराई गई थी। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम सीधे ठगों तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक संगठित नेटवर्क के जरिए पहले नकदी और फिर विदेशी मुद्रा में बदली गई। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेंस प्राप्त पूर्ण मुद्रा परिवर्तक कंपनियों का इस्तेमाल किया गया। ईडी ने बताया कि पीड़िता की रकम कुछ ही घंटों में निष्क्रिय और नए खोले गए खातों की पहली परत से होते हुए 400 से अधिक लाभार्थी खातों में बांट दी गई। जांच का तार वस्तु कारोबार, व्यापार, यात्रा और विदेशी मुद्रा से जुड़ी कई संस्थाओं के नेटवर्क तक पहुंचा। इन संस्थाओं ने मिलकर 27,850 करोड़ रुपये से अधिक के बैंकिंग लेनदेन किए।

# एक क्लिक और करोड़ों का घपलाः मप्र के ट्रेजरी में 600 करोड़ की बित्तीय अनियमितता का खुलासा

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्र ने ऑनजलाइन ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देते हुए कहा था कि इससे वित्तीय गड़बड़ियों और घपले-घोटालों पर रोक लग जाएगी, लेकिन जिस तरह के मामले सामने आ रहे हैं उससे यह कहा जाने लगा है कि अब एक क्लिक में करोड़ों का घपला आसानी से हो जाता है। दरअसल मध्य प्रदेश की सरकारी ट्रेजरी से होने वाले भुगतान के सिस्टम में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जांच में करीब 600 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता का पता चला है। आरोप है कि कर्मचारियों ने सरकारी रकम अपने, परिजनों और परिचितों के बैंक खातों में ट्रांसफर की। कई मामलों में कर्मचारियों के वेतन-भत्तों में बिना मंजूरी अतिरिक्त राशि जोड़कर भुगतान किए जाने की बात भी सामने आई है। इस मामले में चौंकाने वाला पहलू यह है कि सिस्टम की कमजोरी और धोखाधड़ी का पता वर्ष 2023 में ही चल गया था। उस समय करीब 160 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आई थी और 42 मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद सिस्टम में सुधार और प्रभावी कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### कर्मचारियों ने निजी खातों में ट्रांसफर किए सरकारी पैसे

**तत्कालीन ट्रेजरी कमिश्नर ने डीजीपी को किया था अलर्ट** : तत्कालीन ट्रेजरी कमिश्नर ज्ञानेश्वर बी. पाटिल ने जनवरी 2024 में तत्कालीन डीजीपी सुधीर सक्सेना को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी थी। पत्र के मुताबिक, भुगतान प्रणाली से जुड़े इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम से हुए लेन-देन की जांच स्टेट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस सेल ने की थी। पाटिल ने पत्र में बताया था कि 42 मामलों में 160 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है।

### जितिन प्रसाद की मोरक्को यात्रा शुरू, भारत मोरक्को व्यापार और निवेश बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली**। वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद 24 से 25 अगस्त 2026 तक मोरक्को साम्राज्य की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी यात्रा के दौरान भारत और मोरक्को के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने के साथ द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाने तथा बाजार पहुंच के नए अवसर तलाशने पर विशेष ध्यान रहेगा। जितिन प्रसाद अपने मोरक्को के समकक्ष उमर हेजिरा के साथ भारत-मोरक्को संयुक्त आयोग के सातवें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। उमर हेजिरा मोरक्को साम्राज्य में विदेश व्यापार प्रभारी उद्योग और व्यापार राज्य मंत्री हैं। संयुक्त आयोग की बैठक में दोनों देशों के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग को और व्यापक एवं मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा होगी। बैठक में व्यापार और बाजार पहुंच, उर्वरक उत्पादन एवं आपूर्ति, निवेश, औद्योगिक सहयोग, सीमा शुल्क, कृषि एवं खाद्य सुरक्षा, दवा उद्योग और स्वास्थ्य सेवाएं, ऊर्जा एवं खनन, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, आयुष, पर्यटन, शिक्षा और कौशल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### फर्जी आईटीसी मामले में ईडी का छापा, 1.1 करोड़ नकद, डिजिटल साक्ष्य बरामद



**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सोमवार सुबह मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और हरियाणा के फरीदाबाद में नौ ठिकानों पर छापेमारी में न्यू राणा हाउस (मुजफ्फरनगर) और सुधा स्टील (गाजियाबाद) से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद किया। साथ ही एजेंसी ने इस छापेमारी में कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और रजिस्टर भी जब्त किए। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई जंबूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स लिमिटेड से जुड़े फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में की गई। जांच में सामने आया है कि कंपनी ने फर्जी चालान और ई-वे बिल के जरिए बिना माल की वास्तविक आवाजाही के आईटीसी का निर्माण और पासिंग किया। इसमें व्यापक सर्कुलर लेनदेन, तेजी से फंड्स की लेयरिंग और नकद निकासी शामिल रही। जीएसटी अधिकारियों ने 9.63 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी लेने और 10.28 करोड़ रुपये का आईटीसी पास करने की पुष्टि की है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। ईडी की तलाशी का उद्देश्य अपराध से प्राप्त धन का पता लगाना, अन्य लाभार्थियों की पहचान करना और नेटवर्क से जुड़े सबूत जुटाना था।

# देश का पहला गैर-जीएमओ उच्च गुणवत्ता वाला पॉपकॉर्न मक्का संकर बीज जारी

एजेंसी। एलुरु (आंध्र प्रदेश)




उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले के मुसुनुरु में देश का पहला गैर-जीएमओ उच्च गुणवत्ता वाला पॉपकॉर्न मक्का संकर बीज जारी किया। उन्होंने इसे कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि स्वदेशी पॉपकॉर्न मक्का संकर बीज आत्मनिर्भर भारत की भावना का पूर्ण प्रतिनिधित्व करता है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश समेत आठ राज्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों तथा गॉरमेट पॉपकॉर्निका से जुड़े साझेदारों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और कृषि ने भारत की सभ्यता तथा सांस्कृतिक जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने प्रौद्योगिकी, नवाचार और स्वदेशी बीजों के विकास पर विशेष जोर दिया।

**आयातित तकनीक पर निर्भरता कम करने की दिशा में कदम** : उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत लंबे समय से उच्च गुणवत्ता वाले पॉपकॉर्न मक्के के उत्पादन के लिए आयातित संकर तकनीक पर निर्भर रहा है। देश में विकसित नई स्वदेशी संकर तकनीक इस निर्भरता को कम करने और विदेशी मुद्रा की बचत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने गॉरमेट पॉपकॉर्निका और किसानों को ऐसा बीज विकसित करने के लिए बधाई दी, जिसमें वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है।

# भारत की मदद से नेपाल में तैयार हुआ राहुघाट पावर प्रोजेक्ट, राष्ट्रीय ग्रिड में जुड़ेगी 40 मेगावाट बिजली

एजेंसी। काठमांडू



नेपाल के म्याग्दी जिले में बनाई गई बहुप्रतीक्षित 40 मेगावाट क्षमता वाली राहुघाट जलविद्युत परियोजना का निर्माण पूरा हो गया है। भारत के एक्ज़िम बैंक के सहूलियतपूर्ण ऋण, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) के तकनीकी निवेश से इस परियोजना को भारतीय कंपनी जेपी एसोसिएट्स के द्वारा निर्माण किया गया है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की सहायक कंपनी रघुगंगा हाइड्रोपावर द्वारा प्रवर्द्धित इस परियोजना में भौतिक निर्माण और उपकरणों की स्थापना का काम पूरा हो चुका है। अब परियोजना बिजली उत्पादन के अंतिम परीक्षण चरण में पहुंच गई है। परियोजना के सिविल निर्माण का ठेका भारतीय कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेपी) ने नवंबर 2017 में करीब 6 अरब नेपाली रुपये में लिया था। 45 महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन कोरोना महामारी, बाढ़, भूस्खलन और नदीजन्य निर्माण सामग्री की कमी के कारण परियोजना में देरी हुई। निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होने के बाद ठेका अवधि कई बार बढ़ाई गई। परियोजना के इलेक्ट्रोमेकैनिकल कार्य के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के साथ करीब 10.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर में समझौता किया गया था। परियोजना में भारत के एक्जिम बैंक से 67 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सहूलियतपूर्ण ऋण तथा नेपाल सरकार और नेपाल विद्युत प्राधिकरण का संयुक्त निवेश है। इसे इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कॉन्ट्रैक्ट (ईपीसी) मॉडल के तहत विकसित किया गया है। राहुघाट परियोजना से सालाना करीब 24 करोड़ 5 लाख 93 हजार 34 यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के प्रबंध निदेशक गणेश केसी के अनुसार बांध, डिसेंडर, सुरंग और स्विचयार्ड का परीक्षण सफल हो चुका है। 20 मेगावाट की एक यूनिट का परीक्षण भी पूरा हो गया है, जबकि दूसरी 20 मेगावाट की यूनिट का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। केसी ने बताया कि दोनों यूनिटों के परीक्षण में करीब एक सप्ताह से 10 दिन लगने की संभावना है। इसके बाद व्यावसायिक रूप से बिजली उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### छह देशों के राजदूतों के राष्ट्रपति मुर्मु को सौंपे अपने परिचय पत्र



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में छह देशों के राजदूतों और उच्चायुक्त के परिचय-पत्र स्वीकार किए। इनमें दक्षिण सूडान, संयुक्त अरब अमीरात, नाइजीरिया, मोल्दोवा, जर्मनी और स्वीडन के राजनयिक शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में दक्षिण सूडान की राजदूत सिटोना अब्दुल्ला उस्मान, संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत अब्दुल्ला सैफ अली स्लेयेम अल नुआइमी, नाइजीरिया के उच्चायुक्त मुहम्मद सैदु दाहिरू और मोल्दोवा की राजदूत इंगा इओनेसिई ने राष्ट्रपति को अपने-अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए।

### कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर को नए प्रदर्शन का किया ऐलान

**नई दिल्ली**। कॉकरोच जनता पार्टी ने एक बार फिर दिल्ली में प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाकर सीजेपी 5 सितंबर को दिल्ली में मार्च निकालने जा रही है। जंतर-मंतर पर एक महीने से अधिक समय तक आंदोलन चलाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने एक बार फिर राजधानी दिल्ली में बड़े जुटान का ऐलान कर दिया है। सीजेपी ने 5 सितंबर को नई दिल्ली में शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकालने की घोषणा करते हुए आरोप लगाया है कि भारत सरकार ने 25 जुलाई को युवाओं से किए गए वादों को पूरा नहीं किया। पार्टी ने कहा कि सरकार के वादों के बाद ही युवाओं ने सद्भावना दिखाते हुए अपना देशव्यापी विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया था। 5 सितंबर को होने वाला यह शांतिपूर्ण मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय की ओर जाएगा। सीजेपी के सह संयोजक सौरव दास के मुताबिक इस मार्च का नेतृत्व NEET परीक्षा से जुड़े मामलों में जान गंवाने वाले छात्रों और पुलिस की बर्बरता के शिकार लोगों के परिवार करेंगे। इसमें देश भर से छात्रों, युवा संगठनों और युवा नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद है।

## नगर निकाय चुनाव में साइबर ठगों से सावधान रहें...

# राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

## मतदाताओं, प्रत्याशियों और चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों को किया अलर्ट

### फर्जी वोटर लिंक, OTP और QR कोड से हो सकती है ठगी

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आगामी आम चुनाव के दौरान साइबर ठग मतदाताओं, चुनाव प्रत्याशियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को निशाना बनाकर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी और भ्रामक सूचनाएं फैला सकते हैं। इसको लेकर पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए राजस्थान पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर आमजन को सतर्क रहने की अपील की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं, श्री वी.के. सिंह ने




बताया कि पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा द्वारा जारी साइबर एडवायजरी अनुसार चुनाव के दौरान विशेष रूप से फर्जी लिंक, OTP, QR कोड, फिशिंग ई-मेल और डीपफेक/फेक न्यूज के प्रति सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### 'वोटर लिस्ट में नाम देखें'—ऐसे फर्जी लिंक से रहें सावधान

साइबर ठग WhatsApp या स्स के जरिए 'अपना नाम वोटर लिस्ट में देखें ', 'आपका पोलिंग बूथ बदल गया है' जैसे संदेश भेजकर फर्जी लिंक पर क्लिक करा सकते हैं। ऐसे किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें। मतदाता सूची अथवा मतदान संबंधी जानकारी के लिए केवल State Election Commission, Rajasthan और CEO Rajasthan की आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें।

**OTP मांगने वाला कोई भी 'अधिकारी' हो सकता है साइबर ठग**

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग का अधिकारी बताकर वोटर कार्ड अपडेट, सत्यापन अथवा अन्य चुनावी प्रक्रिया के नाम पर फोन करने वाले व्यक्ति को OTP, बैंक विवरण, PI PIN या अन्य निजी जानकारी साझा नहीं करें। याद रखें OTP किसी के साथ साझा करना साइबर ठगी का कारण बन सकता है।

**वायरल वीडियो और ऑडियो पर तुरंत विश्वास न करें**

चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर नेताओं के नाम से फर्जी वीडियो, ऑडियो, भाषण एवं डीपफेक सामग्री वायरल की जा सकती है। किसी भी सामग्री को बिना आधिकारिक पुष्टि के सच न मानें और उसे आगे फॉरवर्ड करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें।

**प्रत्याशी और कार्यकर्ता अपने सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रखें**

उन्होंने चुनाव प्रत्याशी एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं से भी कहा है कि वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे Facebook, Instagram, X और WhatsApp अकाउंट पर Two-Step Verification (wFA) अनिवार्य रूप से सक्रिय रखें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें तथा किसी अनजान लिंक के माध्यम से लॉगिन संबंधी जानकारी साझा न करें।

### चुनावी चंदे के नाम पर QR कोड से हो सकती है ठगी

डोनेशन एवं फंड रेजिंग के नाम पर प्राप्त होने वाले UPI लिंक और QR कोड की अच्छी तरह जांच करें। किसी को पैसा प्राप्त करने के लिए कभी भी अपना UPI PIN दर्ज नहीं करना पड़ता। QR कोड स्कैन करने अथवा PIN डालने से पहले लेन-देन की पूरी जानकारी जांच लें।

**WhatsApp ग्रुप एडमिन भी रहें सतर्क**

उन्होंने WhatsApp ग्रुप एडमिन को भी सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा है कि वे प्रचार एवं चुनाव संबंधी WhatsApp ग्रुप में केवल भरोसेमंद सदस्यों को ही संदेश पोस्ट करने की अनुमति दें। ग्रुप सेटिंग में Only Admins' विकल्प का उपयोग कर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार की आशंका को कम किया जा सकता है।

**चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिक निजी डिवाइस और Public Wi-Fi से बचें**

यह भी निर्देश दिए गए हैं कि चुनावी डेटा अथवा EVM/VVPAT से संबंधित संवेदनशील जानकारी किसी निजी डिवाइस या असुरक्षित नेटवर्क/ Public Wi-Fi पर साझा न करें। अनजान ई-मेल आईडी से प्राप्त चुनाव संबंधी सर्कुलर, लिंक अथवा अटैचमेंट को बिना सत्यापन के ओपन न करें।

### ठगी होने पर 'गोल्डन ऑवर' में 1930 पर करें शिकायत

यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी हो जाती है तो वह बिना देरी किए 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही नजदीकी पुलिस स्टेशन/साइबर पुलिस स्टेशन या राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। राजस्थान में उपलब्ध साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 एवं 9257510100 पर भी सूचना दी जा सकती है।

**अपील :** राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि 'सतर्क मतदाता ही सुरक्षित मतदाता है '—चुनाव संबंधी किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत की पुष्टि करें और साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

## सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग



स्मार्ट हलचल

**उदयपुर / भीलवाडा( महेन्द्र नागौरी)** नगरीय निकायों के सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं को लेकर फेडरेशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक उदयपुर में आयोजित हुई। बैठक में पेंशन, ग्रेच्युटी, जीपीएफ सहित अन्य वित्तीय लाभों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने की मांग उठाई गई। फेडरेशन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरनारायण माली ने बताया कि पेंशन आवेदन में आ रही पोर्टल संबंधी बाधाओं को तत्काल दूर कर पेंशन प्रक्रिया शुरू करने तथा ग्रेच्युटी व जीपीएफ भुगतान में आ रहे अवरोध समाप्त करने की मांग राज्य सरकार से की गई। बैठक में नगरीय निकायों के स्टाफिंग पैटर्न के पुनर्गठन, रिक्त पदों को शीघ्र भरने और कार्यरत कार्मिकों पर बढ़ते अतिरिक्त कार्यभार को कम करने पर भी जोर दिया गया। साथ ही फेडरेशन के 33 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर राज्य सरकार के साथ हुई वार्ता पर भी चर्चा की गई। बैठक संरक्षक किशोर कुमार अग्रवाल व रीछपाल चौधरी के सानिध्य, प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सिंह शेखावत की अध्यक्षता एवं प्रांतीय महामंत्री राम प्रसाद चौधरी के निर्देशन में हुई। भीलवाड़ा से प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरनारायण माली, प्रांतीय कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह वर्मा एवं जिला अध्यक्ष नंदकिशोर पारीक सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एरिया डोमिनेशन में पुलिस का बड़ा एक्शन: 72 अपराधी गिरफ्तार, 2000 लीटर वॉश नष्ट

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / नगरीय निकाय चुनावों को लेकर अवैध मादक पदार्थों एवं आपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए भीलवाड़ा पुलिस ने सोमवार को एक दिवसीय विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर चलाए गए अभियान में पुलिस ने जिलेभर में 142 स्थानों पर दबिश देकर कुल 72 अपराधियों को गिरफ्तार किया। अभियान के लिए 30 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिसमें 127 पुलिस अधिकारी- कर्मचारी शामिल रहे। टीमों ने चिन्हित स्थानों पर एक साथ दबिश देकर स्थायी वारंटी, उद्घोषित अपराधियों, गिरफ्तारी वारंटियों तथा अन्य वांछित आरोपियों को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान आबकारी एक्ट के 4 प्रकरण दर्ज किए गए तथा करीब 2000 लीटर वॉश नष्ट की गई। पुलिस ने स्थायी वारंटी, उद्घोषित अपराधी, गिरफ्तारी वारंट एवं धारा 299 दण्ड प्रक्रिया संहिता/335 बीएनएसएस से संबंधित कार्रवाई में 48 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। वहीं एचएस, हार्डकोर एवं इनामी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। लूट-डकैती जैसे जघन्य अपराधों में वांछित एक आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा। इसके अलावा असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 170 एवं 129 बीएनएसएस के तहत 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान आर्म्स एक्ट के 2 प्रकरण दर्ज कर दो अवैध धारदार चाकू बरामद किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश आर्य के निर्देशन में वृत्ताधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर थाना स्तर पर टास्क तय किए गए थे। दबिश के लिए विशेष टीमें और रूट पहले से तैयार किए गए थे, जिसके बाद अभियान को एक साथ अंजाम दिया गया।

**चुनाव से पहले पुलिस का सख्त संदेश–अपराधियों की खैर नहीं**

नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनजर पुलिस की यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में अहम मानी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट संकेत दिया है कि चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों और आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### पोकर गेम की आड़ में चल रहा था जुआघर

## 7 गिरफ्तार, माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मुकदमा दर्ज...

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** डीएसटी जयपुर साउथ और अशोक नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कौशल पोकर गेम की आड़ में चल रहे जुआघर का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से मैनेजर सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि रविवार को अशोक नगर थाना क्षेत्र स्थित माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर जी-22बी, कमला मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में कार्रवाई की गई। यहां ताश के पत्तों और टोकन के जरिए हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा था। अशोक नगर थाना क्षेत्र स्थित माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर जी-22बी, कमला मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में कार्रवाई की गई। यहां ताश के पत्तों और टोकन के जरिए हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा था। अशोक नगर थाना क्षेत्र स्थित माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर जी-22बी, कमला मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में कार्रवाई की गई। यहां ताश के पत्तों और टोकन के जरिए हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा था।

## विद्यालयों में फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी पर रोक का विरोध, पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



### शिक्षा विभाग का आदेश तत्काल निरस्त करने की मांग, ष्टरूके नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में बाहरी व्यक्तियों के क्लास रूम एवं विद्यालय भवन की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए संस्था प्रधान की अनुमति अनिवार्य किए जाने के विरोध में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) शाखा ब्यावर ने विरोध जताया। जिलाध्यक्ष कुलभूषण उपाध्याय के नेतृत्व में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में पत्रकारों ने कहा कि विद्यालयों में जर्जर भवन, विद्यार्थियों की सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की लापरवाही तथा अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे मामलों में विद्यालय की वास्तविक स्थिति को तस्वीरों और वीडियो के माध्यम से जनता तक पहुंचाना जनहित में आवश्यक है। संस्था प्रधान की पूर्व अनुमति अनिवार्य किए जाने से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित होने की आशंका है। पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार सरकार के विरोधी नहीं, बल्कि जनता और शासन के बीच लोकतांत्रिक सेतु हैं। सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ सरकारी व्यवस्थाओं की कमियों एवं जनता की समस्याओं को सामने लाना भी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण दायित्व है। ज्ञापन में मांग की गई कि पत्रकारों को जनहित से जुड़े मामलों की स्वतंत्र कवरेज के लिए अनावश्यक अनुमति प्रक्रिया से मुक्त किया जाए तथा विद्यालयों की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों की रिपोर्टिंग के दौरान पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान संरक्षक गोविन्द शर्मा, जिलाध्यक्ष कुलभूषण उपाध्याय, महामंत्री दिलीप चौहान, उपाध्यक्ष संजयसिंह गहलोत, सचिव मुकेश शर्मा, विधानसभा प्रभारी हेमन्त साहू, कार्यकारिणी सदस्य भगवानसिंह रावत, सौरभ माथुर एवं अनिल कुमार खींची सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## चुनौतियों से टकराई तरुणियां, साहसिक बाधाओं को पार कर बहनों ने दिखाई तरुणी शक्ति



### मांडल में राष्ट्र सेविका समिति का शक्ति प्रदर्शन, 200 से अधिक बहनों ने पार कीं रोमांचक बाधाएं

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** कभी दलदल तो कभी आग की चुनौती, कहीं दुर्गम रास्ते तो कहीं कठिन परिस्थितियों का सामना, मांडल में तरुणी शक्ति का ऐसा प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें उत्साह के साथ साहस और आत्मविश्वास भी नजर आया। धोवनी रोड स्थित सोनी वाटिका में राष्ट्र सेविका समिति, भीलवाड़ा ग्रामीण जिले की ओर से आयोजित प्रचंड तरुणी शक्ति प्रदर्शन में 200 से अधिक बहनों ने विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बहनों के पंजीयन से हुई। अल्पाहार के बाद सभी प्रतिभागियों को दो दलों में बांटा गया। एक दल का नाम 'झांसी की रानी दल' तथा दूसरे का नाम 'वीर रानी अब्बक्का दल' रखा गया। दोनों दलों ने उत्साह और उमंग के साथ निर्धारित गतिविधियों में हिस्सा लिया। साहसिक गतिविधियों में पानी का दरिया, दलदल मार्ग, आग का दरिया, सियाचिन घाटी, गरुड़ मार्ग, बारूदी सुरंग, चंबल के बीहड़, टावर की गुफा और मचान जैसी विभिन्न बाधाएं शामिल रहीं। प्रतिभागियों ने इन चुनौतियों को पार करते हुए धैर्य, निर्णय क्षमता, टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़ने का संदेश दिया। विभिन्न बाधाओं को पार करने के बाद दोनों दल खेल मैदान में पहुंचे। यहां देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभाव से भर दिया। कार्यक्रम में बहनों के उत्साह, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता ने नारी शक्ति का प्रभावी संदेश दिया।

# 75 लाख की एमडी ड्रग्स मामले में बड़ा खुलासा, जमीन हड़पने के लिए निर्दोष को फंसाने की साजिश

## एमडी उपलब्ध कराने वाला नशे का सौदागर लादूराम गिरफ्तार, तकनीकी साक्ष्यों से खुली साजिश की परतें


स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/जैतारण।** करीब 75 लाख रुपये कीमत की एमडी (मेफोड्रोन) ड्रग्स के मामले में जैतारण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाले कथित सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि बेशकीमती जमीन हड़पने के उद्देश्य से एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के मामले में झूठे तरीके से फंसाने की साजिश रची गई थी। पुलिस ने तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर इस साजिश का खुलासा किया है। महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज डॉ. रवि सभरवाल एवं पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया तथा वृत्ताधिकारी जैतारण रमेन्द्रसिंह हाड़ा के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी धोलाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार पूर्व में नेशनल हाईवे संख्या 458 पर रामावास चौराहे के पास नाकाबंदी के दौरान बोलेरो वाहन में बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स का परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मौके से प्रयुक्त बोलेरो वाहन आरजे 16 यूबी 0456 भी जब्त किया गया था।

**जमीन हड़पने के लिए रची गई साजिश**

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ब्यावर ने वृत्ताधिकारी जैतारण रमेन्द्रसिंह हाड़ा को गहन पर्यवेक्षण के निर्देश दिए। जांच के दौरान साइबर तकनीक की मदद से पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन, चैट, कॉल डिटेल सहित अन्य साक्ष्यों का विश्लेषण किया। पूछताछ में सामने आया कि मीठाराम के पास हाईवे पर बेशकीमती जमीन है। आरोप है कि जमीन हड़पने के उद्देश्य से उसके व्यापारिक साझेदार मित्र ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची। पुलिस के मुताबिक हड़माराम, महेन्द्र राजपुरोहित और कैलाश वैष्णव ने अपने परिचित जोगराज से एमडी मंगवाई और इसे किरण उर्फ पिंटू को दिया। इसके बाद मीठाराम की बोलेरो की सर्विस के दौरान कथित रूप से गियर बॉक्स में एमडी का पैकेट रख दिया गया। इसके बाद कैलाश ने अपनी महिला मित्र साईना के माध्यम से मीठाराम से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करवाई और उसे जैतारण क्षेत्र में मिलने बुलाया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली और कार्रवाई की गई। जांच में सामने आए तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों से पुलिस ने कथित साजिश की कड़ियां जोड़ते हुए एमडी उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति तक पहुंच बनाई।



**पादरू में दबिश देकर सप्लायर को पकड़ा**

पुलिस अभिरक्षा में चल रहे जोगराज एवं पिंटू से गहन पूछताछ में जब्त एमडी लादूराम पुत्र विरदाराम विश्नोई, उम्र 41 वर्ष, निवासी पादरू, थाना सिवाना, जिला जालौर द्वारा उपलब्ध करवाना बताया गया। इसके बाद विशेष टीम ने पादरू में दबिश देकर लादूराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की गहन जांच एवं पूछताछ जारी है।

**ये पुलिसकर्मी रहे कार्रवाई में शामिल**

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उमराव खां, सहायक उपनिरीक्षक, वृत्त कार्यालय जैतारण; संजय जाखड़, हैड कांस्टेबल नं. 87, पुलिस थाना जैतारण; धर्मेन्द्र, कांस्टेबल, पुलिस थाना जैतारण; करतार, कांस्टेबल नं. 401, पुलिस थाना रास तथा संजय, कांस्टेबल नं. 513, पुलिस थाना रास शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने टीम की कार्रवाई की सराहना करते हुए प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों एवं साजिश से जुड़े तथ्यों की जांच जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

### एडीपीसी पर भ्रष्टाचार के आरोपों से मचा हड़कंप!

# 'सांसद का पीए हूं' कहकर दबाव बनाने का आरोप, कलेक्टर-एसीबी तक पहुंची शिकायत

## समग्र शिक्षा के संवेदकों ने एडीपीसी डॉ. कल्पना शर्मा पर लगाए गंभीर आरोप, भुगतान अटकाने और कथित दबाव बनाने की शिकायत

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** जिला मुख्यालय स्थित अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (एडीपीसी), समग्र शिक्षा कार्यालय इन दिनों गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। समग्र शिक्षा से जुड़े संवेदकों ने एडीपीसी डॉ. कल्पना शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार और कथित रूप से भुगतान में अड़चन डालने के गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर भीलवाड़ा एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भीलवाड़ा को शिकायत दिए जाने का दावा किया है। शिकायत में लगाए गए आरोपों ने शिक्षा विभाग के साथ-साथ राजनीतिक हलकों में भी हलचल पैदा कर दी है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि कथित तौर पर सांसद के निजी सहायक से पारिवारिक संबंध का हवाला देकर संवेदकों पर दबाव बनाया जाता है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित अधिकारी का पक्ष सामने आना बाकी है।

**'मेरे सिस्टम में चलना होगा, वरना बिल पास नहीं होगा'–शिकायत में आरोप**

संवेदकों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि







एडीपीसी द्वारा कथित रूप से कहा जाता है कि 'समसा में कार्य करना है तो मेरे सिस्टम के अनुसार चलना होगा, अन्यथा बिल पास नहीं करूंगी।' शिकायतकर्ताओं का दावा है कि उन्हें कथित तौर पर यह भी कहा जाता है कि उनका कुछ नहीं बिगाड़ा जा सकता, क्योंकि उनके पति सांसद के निजी सहायक हैं। यदि शिकायत में लगाए गए ये आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल भुगतान प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रशासनिक पद के कथित दुरुपयोग और राजनीतिक प्रभाव के इस्तेमाल के गंभीर सवाल खड़े कर सकता है।

**भुगतान प्रक्रिया पर भी सवालः-**

संवेदकों का कहना है कि उनके बिल संबंधित कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंता के प्रमाणीकरण के बाद आगे बढ़ते हैं तथा कनिष्ठ लेखाकार और सहायक लेखाधिकारी द्वारा आवश्यक जांच के पश्चात भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके बावजूद कथित तौर पर नए-नए प्रमाण पत्र मांगे जाने और आपत्तियां लगाने से भुगतान में देरी हो रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इससे ठेकेदारों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगामी दिनों में काम बंद करने का निर्णय ले सकते हैं।

**पांच साल से पहले जर्जर भवन का भी उठाया मुद्दा**

शिकायत में एडीपीसी की पूर्व पदस्थापना से जुड़ा एक और गंभीर आरोप उठाया गया है। संवेदकों ने दावा किया है कि जब डॉ. कल्पना शर्मा राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, बनेड़ा में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत थीं, उस दौरान निर्मित विद्यालय भवन की गुणवत्ता पर सवाल हैं और भवन पांच वर्ष पूरे होने से पहले ही जर्जर स्थिति में पहुंच गया। संवेदकों ने इस मामले की भी तकनीकी एवं प्रशासनिक जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, भवन निर्माण की गुणवत्ता और इस आरोप की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

**20 से अधिक फर्मों के नाम शिकायत से जुड़े**

शिकायत में केजीएन कंस्ट्रक्शन, रुचि कंस्ट्रक्शन, श्री देव मटेरियल, चारभुजा कंस्ट्रक्शन, बालाजी कंस्ट्रक्शन, जगदंबा कंस्ट्रक्शन, जोगणिया कंस्ट्रक्शन, चौहान कंस्ट्रक्शन, आदित्या कंस्ट्रक्शन, शिव शक्ति एंटरप्राइजेज, तेजा ग्रुप ऑफ कंस्ट्रक्शन, मेसर्स बनवारी लाल, विश्वकर्मा इंजीनियरिंग, आंचल एंटरप्राइजेज, महालक्ष्मी सप्लायर, श्री श्याम इंटरप्राइजेज, अभी एंटरप्राइजेज, रामदेव कंस्ट्रक्शन, भेरुनाथ कंस्ट्रक्शन और सांवरिया कंस्ट्रक्शन सहित कई फर्मों के नाम बताए गए हैं।

**सोशल मीडिया पर वायरल शिकायत, जांच के बाद ही खुलेगा सच**

उक्त शिकायत की प्रतियां सोशल मीडिया पर भी वायरल होने की बात सामने आई है। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल शिकायत की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में शिकायत में लगाए गए आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामला इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि शिकायत में भ्रष्टाचार के साथ सांसद के नाम और उनके निजी सहायक का कथित तौर पर प्रभाव इस्तेमाल किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। यदि शिकायत की निष्पक्ष जांच होती है तो आरोपों की सच्चाई सामने आने के साथ यह भी स्पष्ट हो सकता है कि भुगतान प्रक्रिया में वास्तव में अनियमितता हुई या नहीं। अब निगाहें जिला प्रशासन और एसीबी की कार्रवाई पर हैं–क्या शिकायत जांच की चौखट तक पहुंचेगी या आरोप फाइलों में ही दबकर रह जाएंगे?

## बरसों पुरानी मांग पूरी, कोटड़ी बस स्टैंड की बदलेगी तस्वीर



### सीसी सड़क का निर्माण शुरू, ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** कस्बे के नए बस स्टैंड पर लंबे समय से चली आ रही सीसी सड़क निर्माण की मांग आखिरकार शुरू हो गई। सोमवार को बस स्टैंड परिसर में सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया। कार्य शुरू होने से बस स्टैंड की बदहाल सड़क से यात्रियों एवं वाहन चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने बताया कि नए बस स्टैंड पर लंबे समय से सीसी सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा के समक्ष सड़क निर्माण की मांग रखी थी। विधायक के प्रयासों के बाद अब निर्माण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य शुरू होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने विधायक गोपीचंद मीणा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क बनने से बस स्टैंड परिसर में आवागमन सुगम होगा और यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। इस दौरान पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवाना, राजू तेली, निर्मल लोढ़ा, श्री कल्याण आचार्य, अनिल तिवाड़ी, राघव आचार्य, देबीलाल जाट, रामजस जाट, ओम सुवालका, कैलाश मेघवंशी, अनिल लोढ़ा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड 68 की वोटर लिस्ट पर बवाल: स्थानीय लोगों के नाम काटने और 600 800 फर्जी वोट जोड़ने का आरोप, कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन,

## एक ही मकान में दर्ज मिले कई-कई मतदाताओं के नाम, लोगों ने एसडीएम से की पुनर्निरीक्षण और सत्यापन की मांग; दोषी बीएलओ पर कार्रवाई की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही मतदाता सूचियों को लेकर विरोध के स्वर भी सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में सोमवार को भीलवाड़ा जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर वार्ड नंबर 68 के मतदाताओं और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बीएलओ पर मतदाता सूची से स्थानीय निवासियों के नाम हटाने और फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के बाद स्थानीय लोगों ने उपखंड अधिकारी से मुलाकात कर मतदाता सूची का पुनरीक्षण और सत्यापन कराने की मांग की। साथ ही कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की



मांग भी उठाई। स्थानीय निवासी कुलदीप व्यास ने बताया कि वार्ड नंबर 68 की मतदाता सूचियों में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि भाग संख्या-1 में मकान नंबर 116 पर 25 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जबकि उनके अनुसार इतनी संख्या में मतदाताओं का एक ही मकान में दर्ज होना संदिग्ध है। उन्होंने मकान नंबर 232 का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां 16 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। उनका आरोप है कि एक ही मकान नंबर पर अलग-अलग परिवारों के नाम दर्ज किए गए हैं। वहीं, वार्ड में निवास करने वाले कुछ परिवारों के सात सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने का भी आरोप लगाया गया। व्यास ने आरोप लगाया कि कुछ मतदाताओं के नाम एक ही सूची में दो-दो बार दर्ज हैं। उन्होंने मांग की कि पूरी मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कराया जाए और प्रत्येक संदिग्ध नाम का सत्यापन किया जाए। साथ ही दोषी पाए जाने वाले बीएलओ के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि वार्ड में करीब 600 से 800 संदिग्ध वोट हो सकते हैं, जिनका सत्यापन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब ढाई महीने पहले जारी सूची में वार्ड में लगभग 3200 मतदाता थे, जबकि आगामी सूची में यह संख्या करीब 4500 तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की कि पिछले दो महीनों में जो 800 से 1000 नए नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं, उनका अनिवार्य रूप से पुनरीक्षण और सत्यापन कराया जाए। साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि निष्पक्ष और त्रुटिरहित मतदाता सूची प्रकाशित हो सके।

### कोटड़ी श्याम के दरबार में 1008 यूनिट रक्तदान का संकल्प

## जलझूलन महोत्सव के तहत 13 सितंबर को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर, पोस्टर विमोचन के साथ शुरू हुआ आमंत्रण अभियान

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** श्री कोटड़ी श्याम जलझूलन महोत्सव-2026 के तहत रक्तदान महाअभियान बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। श्री चारभुजा मंदिर परिसर में 13 सितंबर को विशाल रक्तदान शिविर लगेगा। श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले शिविर में 1008 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है।शिविर के बैनर एवं पोस्टर का विमोचन सोमवार को श्री चारभुजा मंदिर परिसर में किया गया। पोस्टर विमोचन के साथ ही कोटड़ी श्याम के भक्तों, युवाओं और रक्तवीरों को अभियान से जोड़ने के लिए आमंत्रण अभियान की शुरुआत हुई। श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी बचाने में सहयोग किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं श्याम भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने का आह्वान किया।सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि मंदिर परिसर में लगातार नौवें वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। हर वर्ष भक्तों और युवाओं में रक्तदान के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। इसी उत्साह को देखते हुए इस बार 1008 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। पोस्टर विमोचन के बाद फाउंडेशन के कार्यकर्ता आसपास के गांवों में संपर्क अभियान चलाएंगे। गांव-गांव पहुंचकर युवाओं, रक्तदाताओं और श्याम भक्तों



को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि जलझूलन महोत्सव के दौरान धार्मिक आस्था के साथ सेवा का संदेश देने के उद्देश्य से यह रक्तदान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचानी, कोषाध्यक्ष चंपालाल तेली, गुर्जर समाज मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, भाजपा नेता भरत सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र सोनी, ट्रस्टी जगदीश सोनी, ओम पालीवाल, कैलाश काबरा, कमल डीडवानिया, नारायण माली, सत्यनारायण तेली, अनिल प्रजापत, श्याम सुंदर भट्ट सहित कई लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने कोटड़ी श्याम के भक्तों एवं क्षेत्रवासियों से 13 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने और 1008 यूनिट रक्तदान के संकल्प को पूरा करने में सहभागी बनने का आह्वान किया।

# नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर, पूनिया ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

### *'कार्यकर्ता की निष्ठा और उद्देश्य ही संगठन की असली ताकत'-डॉ. सतीश पूनिया...*

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया ने वार्ड प्रभारियों व पदाधिकारियों को चुनावी मैदान में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। पूनिया



ने कहा कि भाजपा में कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता, कार्यकर्ता की निष्ठा, जिम्मेदारी और उद्देश्य बड़ा होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और वरिष्ठजनों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन व समर्थन लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा भाजपा का वैचारिक रूप से मजबूत गढ़ है, इसलिए छोटा हो या बड़ा चुनाव, सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन के संकल्प को पूरा करने में जुटें।

# सावन में गूंजा हर-हर महादेव : रामलाल जाट के नेतृत्व में निकली भव्य कांवड़ यात्रा, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

### रामलाल जाट बोले–नफरत का जहर मिटाकर भाईचारा कायम करना होगा

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा** में सावन के पवित्र माह के अवसर पर विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री और कांग्रेस देहात अध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में निकाली गई कावड़ यात्रा माण्डल तालाब की पाल से विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रवाना हुई। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कांवड़िए कंधों पर गंगाजल से भरी कांवड़ लेकर हर-हर महादेव और



जय भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग पर शिवभक्ति का माहौल नजर आया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने रास्ते में आने वाले मंदिरों और देवालयों में गंगाजल से जलाभिषेक किया। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हरणी महादेव पहुंचेगी, जहां सभी कांवड़िए भगवान महादेव का सामूहिक रूप से महाजलाभिषेक करेंगे। यात्रा मार्ग में सामाजिक और धार्मिक संगठनों की ओर से विश्राम, जलपान और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई। डीजे की धुन और शिव भजनों पर श्रद्धालु उत्साह के साथ झूमते नजर आए। रामलाल जाट ने कहा कि कांवड़ यात्रा का उद्देश्य केवल भगवान शिव का जलाभिषेक करना नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा, सामाजिक समरसता और समानता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का संदेश विश्व कल्याण और प्राणी मात्र की रक्षा का है। इसी भावना के साथ छुआछूत और ऊंच-नीच को समाप्त कर हर परिवार में समानता और सम्मान स्थापित करने का प्रयास होना चाहिए। समुद्र मंथन के दौरान भगवान महादेव ने विषपान कर नीलकंठ का रूप धारण किया था। उसी भावना से आज समाज में नफरत और विभाजन के जहर को खत्म कर भाईचारा कायम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान, सनातन धर्म और सामाजिक भाईचारे को बचाने का संदेश दे रहे हैं और कांवड़ यात्रा भी इसी भावना को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने युवाओं को रोजगार, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, मजदूरों को मेहनत का अधिकार और महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को सम्मान और न्याय दिलाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गंगाजल को गांवों में ग्राम देवताओं और पेड़-पौधों को अर्पित कर पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक एकता का संदेश भी दिया जा सकता है। पंचायत राज चुनावों को लेकर रामलाल जाट ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार चुनाव टालती रही और अब परिसीमन तथा मतदाता सूचियों के माध्यम से सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता अपने मत के जरिए सरकार को काम करना सिखा सकती है। उन्होंने लोगों से ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने और कांग्रेस के समर्थन में खड़े होने की अपील की।

# प्रभु के आगमन की तैयारी, कोटड़ी श्याम में जलझूलन महोत्सव...

## 22 सितंबर को निज महल से निकलेंगे कोटड़ी श्याम, रजत रेवाड़ी में विराजकर भक्तों के कंधों पर करेंगे नगर भ्रमण

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मेवाड़ के प्रमुख आस्था केंद्र कोटड़ी श्याम में वर्ष के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन जलझूलन महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 13 से 23 सितंबर तक होने वाले महोत्सव में भक्ति, आस्था और संस्कृति का महासंगम देखने को मिलेगा। भगवान श्री कोटड़ी चारभुजानाथ के आगमन की प्रतीक्षा में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। मंदिर ट्रस्टएवं श्रद्धालुओं की ओर से सोमवार को महोत्सव के पोस्टर का विमोचन कर तैयारियों का शंखनाद किया गया। महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण 22 सितंबर को होगा। इस दिन भगवान श्री कोटड़ी



चारभुजानाथ निज महल से बाहर निकलकर रजत रेवाड़ी में विराजमान होंगे। इसके बाद श्रद्धालु रजत रेवाड़ी को अपने कंधों पर उठाकर जलझूलन के लिए ले जाएंगे और प्रभु का नगर भ्रमण करवाएंगे। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालु आरती उतारकर, पुष्पवर्षा कर और जयकारों के साथ प्रभु का स्वागत करेंगे। भगवान की एक झलक पाने के लिए हजारों श्रद्धालुओं के उमड़ने की उम्मीद है।

**दीपावली की तरह जगमगाएगा कोटड़ी कस्बा**

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि जलझूलन महोत्सव को लेकर कोटड़ी को दीपावली की तरह सजाने की तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों और बाजारों में आकर्षक रोशनी एवं सजावट की जाएगी। धार्मिक झांकियों और विद्युत सज्जा से पूरे कस्बे को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। शाम होते ही कोटड़ी श्याम नगरी रोशनी से जगमगाती नजर आएगी।

**13 से 23 सितंबर तक धार्मिक आयोजनों की धूम**

मंदिर ट्रस्ट के कार्यक्रम के अनुसार 13 सितंबर को रासलीला के साथ महोत्सव का आगाज होगा। 14 सितंबर को गणेश पूजन, अभिषेक, आरती-हवन, भगवान गणेश की शोभायात्रा एवं रासलीला होगी। 15 व 16 सितंबर को भी रासलीला का आयोजन होगा। 17 सितंबर को कावड़ियों का प्रस्थान तथा भगवान देवनारायण की जीवन गाथा पर भजन संध्या होगी। वही 18 सितंबर को कावड़ियों का आगमन एवं उत्तरमुखी बालाजी मंडल की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। जबकि 19 सितंबर को राधाजी की पूजा, छप्पन भोग दर्शन, आरती-हवन एवं स्थानीय विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे ओर 20 सितंबर को कवि सम्मेलन तथा 21 सितंबर को भजन संध्या का आयोजन होगा।

### 22 सितंबर को उमड़ेगा आस्था का सैलाब

मुख्य आयोजन 22 सितंबर को होगा। दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रजत रेवाड़ी में विराजमान प्रभु नगर भ्रमण पर निकलेंगे। रात 8 बजे से अगले दिन सुबह 9 बजे तक भजन संध्या का आयोजन होगा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं को प्रभु के दर्शन का लाभ मिलेगा।महोत्सव में राजस्थान सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात, सुरक्षा, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं।

**पोस्टर विमोचन के साथ दिया महोत्सव का न्योता**

पोस्टर विमोचन के दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचानी, कोषाध्यक्ष चंपालाल तेली, गुर्जर समाज मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, भाजपा नेता भरत सिंह, सीआर राजेंद्र तेली, ट्रस्टी जगदीश सोनी, ओम पालीवाल, कैलाश काबरा, कमल डीडवानिया, नारायण माली, सत्यनारायण तेली, अनिल प्रजापत, श्याम सुंदर भट्ट सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर ट्रस्ट ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से जलझूलन महोत्सव में कोटड़ी श्याम पहुंचकर प्रभु के दर्शन, नगर भ्रमण एवं धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का आह्वान किया है।

# सावन के अंतिम सोमवार को भवानीश्वर महादेव की शाही सवारी बड़े ही धूमधाम से शहर में निकली





**हरि हर मिलन मैं जयकारों से गूंज उठा शहर.**

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी.** भवानी मंडी में सावन के अंतिम सोमवार पर भवानीश्वर महादेव की शाही सवारी बड़े ही राजसी ठाठ बाठ से निकाली गई। फूलों से सजी पालकी में बैठकर भवानीश्वर महादेव हाथी घोड़े ढोल नागाड़े,के साथ नगर भ्रमण पर निकले जहा भक्त उनकी पालकी के दर्शन करने के लिए उमड़ पड़े। शाही सवारी शिवालय से प्रारंभ हुई जो शहर के मुख्य मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। जहा सवारी का विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत कर भवानीश्वर महादेव की पूजा अर्चना की गई। पूरी शाही सवारी में दो दर्जन से भी अधिक आकर्षक झाँकीय आकर्षण का केंद्र रही जिसमे भगवान भोले नाथ का अघोरी नृत्य,राधा कृष्ण नाच, घोड़ी नाच आदिवासी नाच सहित कई झांकियों को देखने वालों का मन मोह लिया। वही इस शाही सवारी में कौमी एकता की मिसाल देखने को नजर आई शाही सवारी स्टेशन रोड स्थित जमा मस्जिद पर पहुँचने के दौरान सदर द्वारा भवानीश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष हरीश योगी का माला शाल श्री फल भेंट कर स्वागत किया गया।वही पूरी शाही सवारी में भोलेनाथ के भक्त ढोल व डीजी की धुनों पर झूमते हुए नजर आए। बाराह दुकान चोराहे के पास पहुँचने पर हरि ओर हर का मिलन कराया गया। जहा राधेश्याम मंदिर से ठाकुर जी पालकी में बैठ कर भवानीश्वर महादेव से मिलने आये जहा दोनो मन्दिर के पुजारियों ने दोनो भगवानों की पुजा आरती की इस दौरान वहां का माहौल पूरा भक्तिमय होकर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। इस दृश्य को देखने के लिए सेकड़ो की तादात में भक्त एकत्रित हुए। वही सवारी का समापन भवानीश्वर मंदिर पहुँचकर हुआँ जहा बाबा की आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। शाही सवारी को देखते हुए प्रशाषन पूरी तरह से मुस्तेद रहा जगह जगह पुलिस की चाल चौबंद व्यवस्था रही।

## त्योहारी सीजन में खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

# मिठाई, मावा, घेवर, घी, तेल व बेसन के लिए नमूने; साफ-सफाई के निर्देश, रिपोर्ट आने पर होगी कानूनी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' के तहत त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने ब्यावर शहर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। जिला कलक्टर कमल राम मीणा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न मिठाई एवं नमकीन प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा टीम ने खण्डेलवाल स्वीट्स एंड नमकीन भंडार, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार एवं श्री जोधपुर स्वीट्स एंड नमकीन सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान गुलाब जामुन, मावा मिठाई, घेवर, घी, तेल एवं बेसन के नमूने लिए गए। साथ ही प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और खाद्य सुरक्षा नियमों की पालना के लिए प्रतिष्ठान संचालकों को पाबंद किया गया। खाद्य पदार्थों के लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए अजमेर स्थित खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग के अनुसार प्रयोगशाला की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नमूनों में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (FSS Act) के तहत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





### इन अधिकारियों ने संभाली कार्रवाई की कमान

कार्रवाई करने वाली खाद्य सुरक्षा टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह, विक्रम बेड़ा एवं कुलदीप सिंह शामिल रहे। टीम ने प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखने, स्वच्छता रखने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि विशेष त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य शुद्धता अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के आगामी चरण में होटल एवं रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानें, कैफे, फल-सब्जी विक्रेता, खाद्य मिर्च-मसाले एवं तेल विक्रेता, अनाज मंडी, सब्जी मंडी, फास्ट फूड कैबिन तथा समोसा-कचौरी निर्माताओं का निरीक्षण किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 45.330 किलो डोडा पोस्त के साथ तस्कर गिरफ्तार

# ब्यावर सिटी पुलिस व जिला स्पेशल टीम की संयुक्त कार्रवाई, तस्करी में प्रयुक्त वरना कार जब्त

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ब्यावर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 45.330 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त हुंडई वरना कार भी जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी ब्यावर शहर नरेन्द्र कुमार पारीक के निकट सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम और थाना ब्यावर सिटी पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली कि विजयनगर की ओर से एक





सफेद रंग की हुंडई वरना कार में भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त लाया जा रहा है। सूचना पर टीम ने संदरिया पुलिया के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध कार पुलिस को देखकर ब्यावर सिटी की ओर भागने लगी। बलाड़ रोड पर पहले से मौजूद ब्यावर सिटी थाना पुलिस की नाकाबंदी के चलते कार को घेरकर रोक लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने कार छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की से 45.330 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ सहित कार जब्त कर सम्पत गहलोत पुत्र सोनाराम गहलोत, उम्र 30 वर्ष, निवासी जालिवाड़ा खुर्द, थाना पीपाड़ सिटी, जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी से मादक पदार्थ की तस्करी के नेटवर्क एवं इसके आगे-पीछे जुड़े लोगों के संबंध में पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है।

### यह रही कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी ब्यावर सिटी आशुतोष पाण्डे, पुलिस निरीक्षक एवं प्रभारी जिला स्पेशल टीम ब्यावर राजदिपेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक डूंगरमल, सहायक उपनिरीक्षक रामजस, सहायक उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल भवानी सिंह (39), कांस्टेबल दिनेश (1560) तथा कांस्टेबल नरेन्द्रपाल (579) शामिल रहे।

# समय की पटरी पर कोटा मंडल की शानदार रफ्तार– मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में फिर 100' समयपालन

**मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में शत-प्रतिशत समयपालन, अगस्त में 5वीं और वित्तीय वर्ष 2026-27 में 9वीं बार हासिल की उपलब्धि**



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा मंडल ने ट्रेनों के समयपालन के क्षेत्र में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 अगस्त 2026 को मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 100 प्रतिशत समयपालन हासिल किया। इस दिन कोटा मंडल भारतीय रेलवे के सभी मंडलों में समयपालन के मामले में प्रथम स्थान पर रहा। यह उपलब्धि लगातार बेहतर होते प्रदर्शन को दर्शाती है। इससे पहले 08, 13, 19 और 20 अगस्त 2026 को भी कोटा मंडल ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 100 प्रतिशत समयपालन हासिल करते हुए भारतीय रेलवे के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस प्रकार अगस्त माह में यह कोटा मंडल की 5वीं तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में 9वीं बार शत-प्रतिशत समयपालन की उपलब्धि है।

### वित्तीय वर्ष में 9वीं बार शत-प्रतिशत समयपालन

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोटा मंडल ने इससे पहले 04 मई, 05 मई, 27 मई, 29 जून तथा 08, 13, 19 और 20 अगस्त 2026 को मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 100 प्रतिशत समयपालन हासिल किया था। इन अवसरों पर भी मंडल भारतीय रेलवे के सभी मंडलों में प्रथम स्थान पर रहा।

### बेहतर योजना और रियल टाइम मॉनिटरिंग से मिला परिणाम

मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा ने समयपालन में लगातार बेहतर प्रदर्शन के लिए मंडल की परिचालन टीम के प्रयासों की सराहना की। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में ट्रेनों के संचालन की अग्रिम योजना, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा विभिन्न स्तरों पर त्वरित निर्णय लेने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## पीछे की दीवार में नकब लगाकर 13 लाख के जेवर व नकदी चोरी

# बेटी के शादी के जेवरात और बेटे की दुकान की नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ, पुलिस चेक प्वाइंट से महज 400 मीटर दूर वारदात

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** खखरेरू थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बिछियावां गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान की पीछे की दीवार में नकब लगाकर करीब 13 लाख रुपये कीमत के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोर घर से दो बक्से और एक सूटकेस उठा ले गए तथा करीब 200 मीटर दूर ट्यूबवेल के पास उनके ताले तोड़कर जेवर और नकदी पार कर दी। बिछियावां गांव निवासी महेंद्र पाल उर्फ मुन्नू पाल ने बताया कि वह बीती रात खेतों की रखवाली करने चले गए थे। घर पर उनकी मां और बेटा कमरे के बाहर पड़ी टीन के



नीचे सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान की पीछे की दीवार काटकर कमरे में प्रवेश किया और दो बक्से व एक सूटकेस उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार, चोर बक्से और सूटकेस को घर से करीब 200 मीटर दूर अनिल सिंह के ट्यूबवेल के पास ले गए। वहां ताले तोड़कर सामान खंगाला और कीमती जेवरात व नकदी चोरी कर ली। चोरी गए जेवरों में पीड़ित की पुत्री के दो सेट झुमके, अंगूठियां, मंगलसूत्र, तीन लॉकेट और पायल शामिल हैं। इसके अलावा पीड़ित की पत्नी का मंगलसूत्र, टॉप्स, छागल, हाफ पेटी और पायल भी चोरी हो गई। बक्से में बेटे की दुकान के 10 हजार रुपये नकद भी रखे थे। पीड़ित की पत्नी ने बताया कि उनकी बेटी पुष्पा देवी की शादी 9 मार्च 2026 को पचमई गांव निवासी किशनपाल से हुई थी। शादी के बाद बेटी पति के साथ दिल्ली के रोहिणी जाने से पहले अपने शादी के सभी जेवर मायके में रख गई थी। चोरी गए अधिकांश जेवर उन्हीं के बताए जा रहे हैं। सुबह करीब पांच बजे जब पीड़ित की पत्नी चारपाई रखने के लिए कमरे के अंदर पहुंचीं तो पीछे की दीवार कटी मिली और कमरे का सामान अस्त-व्यस्त था। इसके बाद घटना की जानकारी डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और करीब 200 मीटर दूर पड़े कपड़े, बक्से व अन्य सामान को एकत्र कर घर पहुंचवाया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही नकबजनी और चोरी की घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। घटनास्थल से करीब 400 मीटर की दूरी पर पुलिस चेक प्वाइंट भी बना हुआ है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार वहां अक्सर पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहते हैं और चेक प्वाइंट अधिकांश समय वीरान पड़ा रहता है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है पूरे मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अति वीर ने मनाया सावन महोत्सव

# उत्साह, उमंग और मनोरंजन के बीच सदस्यों ने लिया पारिवारिक मिलन का आनंद

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अति वीर की ओर से निजी रिसॉर्ट में सावन महोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्यों ने परिवार सहित भाग लेकर मनोरंजक गतिविधियों और पारिवारिक मिलन का आनंद लिया। सावन की हरियाली, उल्लास और सामाजिक एकजुटता के रंगों से सजे आयोजन में जैन समाज में सावन माह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। ग्रुप अध्यक्ष मनोज पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज-ममता सोनी एवं संदीप-मेघा सेठी ने सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत कर की। इसके बाद बच्चों और बड़ों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। सदस्यों ने खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूल में भी भरपूर आनंद लिया। सचिव संदीप जैन एवं कोषाध्यक्ष पदम सोगानी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर 'ज्वेल ऑफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव फेडरेशन जे.के. जैन का विशेष स्वागत किया गया। इसके साथ ही ग्रुप में शामिल हुए नए युगल सदस्यों का भी तिलक एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष निकुंज पाटनी,विमल लुहाड़िया, प्रमोद कंजोलिया, पदम सेठी, महावीर लूंगिया, अजय पांड्या, अनिल पांड्या, बसंत झंझरी, श्रवण बड़जात्या, अशोक, पारस काला, संतोष, कमल बड़जात्या, राजकुमार लुहाड़िया, शैलेश पाटनी, अशोक बाकलीवाल, कमल गोधा, शुभम लुहाड़िया, शिखर चंद सहित बड़ी संख्या में दम्पति सदस्य एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

# श्रीनिवास बने राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के आंध्र प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष

**विशाखापट्टनम निवासी श्रीनिवास को मिली अहम जिम्मेदारी, संगठन विस्तार और समाज को जागरूक करने पर रहेगा जोर**

स्मार्ट हलचल



**विशाखापट्टनम।** राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच, नई दिल्ली ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। विशाखापट्टनम निवासी श्रीनिवास को आंध्र प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री यशवंत सिंह दरबार के निर्देशन में राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा, वरिष्ठ पत्रकार ने श्रीनिवास की नियुक्ति की। राष्ट्रीय नेतृत्व ने उम्मीद जताई कि श्रीनिवास आंध्र प्रदेश में मंच की गतिविधियों को मजबूत करने के साथ आदिवासी समाज को संगठित, शिक्षित और जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वे समाज के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार एवं राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने श्रीनिवास को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच को नई मजबूती मिलेगी और समाजहित के कार्यों को गति मिलेगी।

# विद्यालयों में फोटो-वीडियोग्राफी प्रतिबंध आदेश निरस्त करने की मांग,

## आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**शिवराज बारवाल मीना टोंक/सवाई माधोपुर।** शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा विद्यालयों में बाहरी व्यक्तियों को कक्षा-कक्ष अथवा विद्यालय भवन की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करने से पहले संस्था प्रधान की अनुमति अनिवार्य किए जाने के आदेश के विरोध में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) की सवाई माधोपुर जिला इकाई ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर कानाराम को ज्ञापन सौंपकर आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन आईएफडब्ल्यूजे जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अगुवाई में सौंपा गया। जिला महासचिव राजेश गोयल ने बताया कि पत्रकार संगठन ने शिक्षा विभाग के इस आदेश को प्रेस की स्वतंत्रता, जनहित में स्वतंत्र पत्रकारिता तथा जनता के सूचना के अधिकार की दृष्टि से चिंताजनक बताया है।



### अनुमति की अनिवार्यता से प्रभावित होगी स्वतंत्र पत्रकारिता

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के विद्यालयों में समय-समय पर जर्जर भवन, विद्यार्थियों की सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं का अभाव, शिक्षकों की लापरवाही, छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार एवं अन्य प्रशासनिक अनियमितताओं से जुड़े मामले सामने आते रहे हैं। ऐसे मामलों की वास्तविक स्थिति को सामने लाने के लिए पत्रकारों द्वारा फोटो एवं वीडियो के माध्यम से मौके की स्थिति दर्ज की जाती है। संगठन का कहना है कि यदि पत्रकारों को विद्यालय परिसर की वास्तविक स्थिति की फोटो एवं वीडियोग्राफी करने से पहले संस्था प्रधान की अनुमति लेना अनिवार्य होगा, तो स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित होने की आशंका है। इससे जनहित से जुड़े मामलों की तथ्यात्मक रिपोर्टिंग में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है।

### पत्रकार सरकार के विरोधी नहीं-लोकतांत्रिक सेतु हैं

आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि पत्रकार सरकार के विरोधी नहीं, बल्कि जनता और शासन के बीच लोकतांत्रिक सेतु की भूमिका निभाते हैं। सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ सरकारी व्यवस्थाओं की कमियों और आमजन की समस्याओं को सामने लाना भी पत्रकार का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रिपोर्टिंग के लिए पत्रकारों को अनावश्यक प्रशासनिक प्रतिबंधों से मुक्त रखा जाना चाहिए।

### प्रदेशभर में जिला कलेक्टरों को सौंपे ज्ञापन

संगठन के जिला प्रवक्ता नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में जिला इकाइयों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे गए। इसी क्रम में सवाई माधोपुर में भी जिला इकाई ने ज्ञापन देकर शिक्षा विभाग के आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला महासचिव राजेश गोयल, राजमल जैन, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन, मुकेश कुमार जैन, रोहित गुप्ता सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# जूस इकाई में गंदगी और फंगस लगे फल मिले, संचालन कराया बंद

स्मार्ट हलचल

अ जयपुर-प्रदेशभर में चल रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने झोटवाड़ा क्षेत्र में एक जूस निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंभीर स्वच्छता कमियां मिलने पर इकाई का संचालन तत्काल बंद करवा दिया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान की आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन तथा अभिहित अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कालवाड़ रोड, कांटा चौराहा स्थित मैसर्स नारायण कैटररर्स/प्रेरणा शर्मा के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। जांच के दौरान निर्माण क्षेत्र में साफ-सफाई का अभाव, मच्छर व कीड़ों की मौजूदगी



मिली। परिसर में फंगस लगे और कीड़ों से खराब हुए फल भी पाए गए, जिनसे जूस तैयार किए जाने की तैयारी थी। निर्माण इकाई में सीलन, नमी और बारिश के पानी की समस्या के साथ फर्श व दीवारों पर गंदगी और फंगस भी मिला। इसके अलावा खाद्य पदार्थों एवं पैकेजिंग पर आवश्यक निर्माण और उपयोग अवधि संबंधी जानकारी का उचित अंकन नहीं पाया गया। खाद्य पदार्थों के दूषित होने की आशंका को देखते हुए विभाग ने गंभीर कमियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जूस निर्माण इकाई का संचालन बंद कराया। संचालक को स्वच्छता व्यवस्था सुधारने और आवश्यक मानकों की पूर्ति के बाद ही नियमानुसार संचालन करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से आमजन के स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर दुकानदारों को भी साफ-सफाई एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री रखने का संदेश गया है। खराब या दूषित फलों से तैयार खाद्य पदार्थ लोगों के स्वास्थ्य के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं, ऐसे में खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग बेहद जरूरी है।

# साझा विरासत: नेपाल में भूकंप के बाद भारत ने संवारीं 30 ऐतिहासिक धरोहरें

स्मार्ट हलचल

**काठमांडू।** वर्ष 2015 के विनाशकारी भूकंप की मार झेलने वाली नेपाल की कई अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों को भारत ने अपनी अटूट दोस्ती और साझा विरासत के संकल्प से एक बार फिर पुनर्जीवित कर दिया है। भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को और मजबूती देते हुए, नेपाल के ऐतिहासिक पाटन शहर में एक और नवनिर्मित 'कुमारी छेन' और 'नई कुमारी निवास' का भव्य उद्घाटन किया गया। इस विशेष सांस्कृतिक धरोहर स्थल का संयुक्त उद्घाटन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव, नेपाली सांसद जगदीश खरेल और ललितपुर महानगरपालिका मेयर चिरीबाबू महर्जन द्वारा पारंपरिक अनुष्ठानों और शिलापट्ट के अनावरण के साथ किया गया। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा भूकंप के बाद पुनर्निर्माण सहायता के माध्यम से नेपाल के 8 जिलों में



सांस्कृतिक धरोहर स्थलों के संरक्षण की कुल संख्या 30 हो गई है। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा 'श्री कुमारी छेन' और 'नई कुमारी निवास' का पुनर्निर्माण भारत सरकार द्वारा भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए दी गई लगभग 5 करोड़ नेपाली रुपये की अनुदान राशि से किया गया है। इसे सीएलपीआईयू (भवन और आवास) द्वारा लागू किया गया, जबकि डिजाइन और परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं 'इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट्स एंड कल्चरल हेरिटेज' (इनटेक) द्वारा प्रदान की गईं। दूतावास ने कहा इस दौरान सांसद खरेल ने धरोहर संरक्षण की पहल के लिए भारत सरकार द्वारा दी गई बहुमूल्य सहायता को सराहा। मेयर महर्जन ने भी ललितपुर और अन्य जिलों में सांस्कृतिक धरोहर स्थलों के पुनर्निर्माण और संरक्षण में भारत सरकार के महत्वपूर्ण योगदान के लिए गहरी प्रशंसा व्यक्त की। वहीं दूसरी ओर भारतीय राजदूत ने अपने संबोधन में भारत और नेपाल के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नेपाल के ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण के लिए भारत के निरंतर समर्थन के बारे में बात की और कहा कि ये पुनर्निर्मित संरचनाएं दोनों देशों के बीच साझा धरोहर और मित्रता के स्थायी प्रतीक के रूप में खड़ी हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार भारत सरकार ने भूकंप पश्चात पुनर्निर्माण सहायता के माध्यम से नेपाल के 8 जिलों में 30 सांस्कृतिक धरोहर स्थलों के संरक्षण के अलावा अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति पर चलते हुए गोरखा और नुवाकोट ज़िलों में 50,000 निजी घरों, 8 ज़िलों में 85 शिक्षण संस्थानों और 11 ज़िलों में 133 स्वास्थ्य सुविधाओं के पुनर्निर्माण में भी सहयोग किया है।

# दो से अधिक बेटियों वाले 35 अभिभावक हुए सम्मानित

### सनातन धर्म में बालिका को शक्ति के जीवन्त अवतार और समृद्धि के प्रतीक के रूप में माना




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति द्वारा अभिभावक बेटियां सम्मान समारोह में आज उन अभिभावकों के सम्मान में एकत्रित हुए जिन्होंने नारी शक्ति के महत्व को समझा दो या दो से अधिक बेटियां होने पर अभिभावकों का सम्मान किया गया समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि हालात इस अवसर पर अतिथि विकास समदानी, गजानन बजाज, कन्हैयालाल लाठी ने 35 अभिभावको को पगड़ी ,शोल ओड़ाकर मोमेंटो प्रदान किया गया समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि बेटियां पराई धन मानी जाती है लेकिन दो घरो को रोशन करती है सनातन धर्म में बालिका को शक्ति के जीवंत अवतार और समृद्धि के प्रतिक के रूप में पूजा जाता है और अध्यात्मिक दर्शन में उनका एक पवित्र और समान स्थान है कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुख्य अभियंता अजमेर डिस्कॉम अरुण जागेटीया ने किया इस अवसर पर ओमप्रकाश बुलिया, गणपत जागैटीया छीतरमल लढ्ढा, रामनारायण सोमानी, जय किशन मित्तल, शिव डीडवानिया, महावीर समदानी,सुभाष अग्रवाल दयाशंकर शुक्ला

# EVM-VVPAT डेमो से समझाई मतदान प्रक्रिया, रैली व नुक्कड़ नाटक से दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर ।** नगर परिषद, पालिका /पंचायत आम चुनाव-2026 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी ब्यावर के निर्देशन में जिला स्वीप टीम एवं उपखंड स्वीप टीम ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर खास में 'जागो मतदाता जागो' थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव चौधरी ने जिला एवं उपखंड स्वीप टीम के सदस्यों का स्वागत कर किया। विद्यार्थियों ने अतिथियों को मतदान की राखी बांधकर लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं मतदान के



संकल्प का संदेश दिया। ईएलसी प्रभारी निशा सैनी ने स्वीप अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता लघु नाटिका एवं गीत प्रस्तुत किए। साथ ही EVM एवं VVPAT मॉडल का प्रदर्शन, लाइव डेमो एवं मॉक पोल करवाया गया। इसमें विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने मतदान प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझा। विद्यालय में आकर्षक SVEEP सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। इसके बाद स्वीप टीम, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान विभिन्न नारों के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम चौपाल में राजस्थानी गीत एवं नुक्कड़ नाटक के जरिए भी मतदान का संदेश दिया गया। सुनीता चौधरी ने राजस्थानी भाषा में प्रेरक गीत प्रस्तुत कर ग्रामीण मतदाताओं से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आह्वान किया। 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर मतदान जागरूकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला स्वीप टीम के सदस्य सुनीता चौधरी, सीताराम प्रजापति, कपिल शर्मा, धीरज जैन, गोपाल शर्मा, पंकज परिहार एवं लक्ष्मीनारायण माली उपस्थित रहे। टीम सदस्यों ने विद्यालय में आयोजित जागरूकता गतिविधियों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों द्वारा किए गए नवाचारों की सराहना की। स्वीप संदेश: 'जागो मतदाता जागो–लोकतंत्र को आगे बढ़ाओ। मेरा वोट-मेरा अधिकार, एक-एक वोट का सम्मान करेंगे, शत-प्रतिशत मतदान करेंगे।'

# सुठेपा ग्रामवासियों की ओर से निकली विशाल कांवड़ यात्रा, चंवरा के हनुमान जी से सुठेपा महादेव मंदिर पहुँची

स्मार्ट हलचल

**आकोला /** सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार को सुठेपा ग्रामवासियों की ओर से विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई।कांवड़ यात्रा काशुभारंभ बड़लियास के निकटवर्ती चंवरा के हनुमान जी महाराज के मंदिर से हुआ। सुबह 9:15 बजे पुजारी रोशन वैष्णव के सानिध्य में महाआरती की गई। इसके बाद कांवड़ियों ने विधि-विधानपूर्वक कांवड़ यात्रा प्रारंभ की। श्रद्धालु कांवड़ में पवित्र जल लेकर भगवान महादेव के जलाभिषेक के लिए सुठेपा महादेव मंदिर पहुंचे। सुठेपा महादेव मंदिर पहुंचने पर पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ



भगवान महादेव का विधि-विधानपूर्वक जलधारा अभिषेक किया गया। इस दौरान कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कांवड़ यात्रा को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की।

# भेरूघाटी चौराहे पर पंचम कांवड़ यात्रा का कमांड मंडल ने भव्य स्वागत किया



स्मार्ट हलचल

**भेरूघाटी।** विशाल पंचम कांवड़ यात्रा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कमांड मंडल की ओर से भेरूघाटी चौराहे पर कांवड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कांवड़ यात्रियों के भेरूघाटी चौराहे पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। इस अवसर पर भाजपा कमांड मंडल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। कांवड़ यात्रियों का स्वागत करना सभी के लिए सौभाग्य का अवसर है। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर कुमावत मंडल संयोजक गजेंद्र सिंह राणावत मंडल महामंत्री जीतू धाकड़ युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपाल धाकड़ जिला कार्य समिति सदस्य पप्पू लाल सोमानी उपाध्यक्ष कन्हैयालाल कुमावत भगु लाल जाट मंत्री भंवर गुर्जर रतन लाल धाकड़ मन कि बात संयोजक बद्री लाल गट्यानी लाला राम कुमावत धर्मेंद्र गुर्जर विशाल पितलिया कमलेश धाकड़ जितेंद्र सिंह राधेश्याम धाकड़ हिमांशु गहलोत बाबू लाल धाकड़ प्रकाश कुमावत ब शंभू जाट कमल कुमावत नगजी राम धाकड़ पकंज धाकड़

# एकादशी पर श्याम भक्ति में रंगा काशीपुरी धाम, भजनों पर देर तक झूमें श्रद्धालु

### काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी पर सजा भव्य संकीर्तन, आरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** शहर के काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी के अवसर पर रविवार को आयोजित भव्य संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में रंग दिया। शाम 7.15 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी पहुंचे। मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों और भजनों से गूंज उठा तथा श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। कार्यक्रम में भजन गायक अभी अनुज पारिक (भीलवाड़ा) ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार एवं मंदिर की



आकर्षक सजावट भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्री श्याम सेवा समिति (रजि.), काशीपुरी, भीलवाड़ा के अध्यक्ष सुरेश पौधार ने बताया कि एकादशी के पावन अवसर पर संकीर्तन का आयोजन श्रद्धालुओं को भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर संकीर्तन का लाभ लिया। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष धार्मिक महत्व माना गया है। पुत्रदा एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित पावन तिथि है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत, पूजा, भजन-कीर्तन एवं दान-पुण्य करने से परिवार में सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की जाती है। भव्य भजन संध्या के पश्चात बाबा श्याम की आरती की गई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर परिवार एवं समाज की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं, भजन प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# गगरानी परिवार ने पेश की मानवता की मिसाल, मरणोपरांत नेत्रदान का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** किसी अपने के चले जाने का दर्द शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है, लेकिन गगरानी परिवार ने इस दुख की घड़ी में ऐसा निर्णय लिया, जो दूसरों के जीवन में उम्मीद की किरण बन गया। दिवंगत रामजस गगरानी के मरणोपरांत परिजनों ने नेत्रदान का संकल्प लेकर मानवता की ऐसी मिसाल पेश की, जिससे दो दृष्टिहीनों के जीवन में रोशनी लौटने की संभावना बनी है। भाविप नेताजी सुभाष शाखा के सचिव कैलाश शर्मा ने बताया की अपनों के बिछड़ने का दुख बेहद गहरा होता है, लेकिन इसी पीड़ा के बीच गगरानी परिवार ने मानवता और सामाजिक सेवा की अनूठी मिसाल पेश की। रामजस गगरानी के देवलोकगमन के बाद परिजनों ने समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर नेत्रदान का संकल्प लिया। स्व.रामजस गगरानी, कैलाश चंद्र गगरानी तथा शाखा की महिला प्रमुख मधु लढ़ा के पिताजी थे। नेत्रदान की प्रक्रिया रामस्नेही अस्पताल की चिकित्सा टीम के सहयोग से संपन्न कराई गई। शाखा के माध्यम से कराया गया यह दूसरा नेत्रदान है। इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए गगरानी परिवार, रामस्नेही अस्पताल की चिकित्सा टीम, केदार गगरानी, दामाद कृष्ण गोपाल लढ़ा, चंद्र प्रकाश काल्या, राजेश चेचानी, गोपाल अग्रवाल एवं रामेश्वर सोमानी का शाखा पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष पंकज लोहिया, सचिव कैलाश शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सुरेश रावत सहित शाखा पदाधिकारियों ने कहा कि मरणोपरांत नेत्रदान जैसे सेवा कार्य समाज में जागरूकता फैलाने के साथ जरूरतमंदों के जीवन में नई रोशनी लाने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने अन्य लोगों से भी इस तरह के पुनीत कार्यों के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# शिक्षा और संस्कारों से ही युवा पीढ़ी को मजबूत किया जा सकता है-धाकड समाज

### धाकड़ युवा संघ सुनेल क्षेत्र 80 गांव का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

स्मार्ट हलचल

**सुनेल** क्षेत्र के ग्राम सेमला में रविवार को धाकड़ युवा संघ सुनेल क्षेत्र 80 गांव का शपथ ग्रहण समारोह युवा संघ अध्यक्ष मनोहरलाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री धाकड़ महासभा के पदाधिकारियों ने गणेश वंदना के साथ भगवान श्री धरणीधर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान धाकड़ युवा संघ की टीम ने मंचासीन पदाधिकारियों का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा धारण कराकर स्वागत-सम्मान किया। समारोह में धाकड़ समाज 80 गांव की महासभा, छात्रावास समिति, श्री धरणीधर मंदिर निर्माण समिति, कर्मचारी संघ, युवा फ्रेंड्स क्लब सहित समाजबंधुओं एवं युवाओं ने भाग लिया और समाज के विकास एवं युवा पीढ़ी के मार्गदर्शन



को लेकर विचार व्यक्त किए। आयोजन के दौरान 49वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सम्मेलन आयोजक कमेटी का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं श्री धरणीधर मंदिर निर्माण की बकाया राशि, छात्रावास निर्माण समिति की सदस्यता शुल्क, भवन निर्माण की गतिविधियों तथा आगामी खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। समारोह में आगामी 2 सितंबर को भगवान श्री धरणीधर के जन्मोत्सव को लेकर तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। समाजबंधुओं एवं पदाधिकारियों ने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य निर्माण पर जोर दिया। सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने की बात कही गई। महिला शक्ति के रूप में धाकड़ कृष्णा मंडलोई ने समाज में महिला इकाई के गठन पर जोर दिया।

## समाज की एकजुटता और युवा शक्ति पर जोर:

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए युवाओं को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ना जरूरी है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद नागर एवं भेरूलाल नागर मिश्रौली ने किया। समारोह में श्री धाकड़ महासभा अध्यक्ष बिरधीलाल नागर सिरपोई, श्री धरणीधर मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह मंडलोई, कर्मचारी संघ अध्यक्ष रामप्रसाद कम्पाउंडर, युवा संघ अध्यक्ष मनोहरलाल चौधरी, फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष बलवंत धाकड़, छात्रावास निर्माण समिति उपाध्यक्ष संतोष नागर, भगवान जन्मोत्सव अध्यक्ष प्रकाशचंद नागर ,भंवरलाल धाकड़, रतिराम धाकड़ ,तुलसीराम धाकड़, बिरधीलाल भंडारी, नाथूलाल नागर,रामसिंह धाकड़, पृथ्वीसिंह धाकड़, रमेशचंद चौधरी,नंदराम धाकड़, सुरेश चौधरी ,बालकिशन नागर ,सुरेश पटेल रतिराम नागर,बालाराम चौधरी ,सहित समाज के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, युवा साथी एवं समाजबंधु मौजूद रहे।

# सांप के डसने से 19 वर्षीय नेमीचंद सैनी की मौत, जयपुर एसएमएस में उपचार के दौरान तोड़ा दम

स्मार्ट हलचल

**महवा।** पितलिया का बालाजी निवासी 19 वर्षीय नेमीचंद सैनी की सांप के डसने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार 18 अगस्त की तड़के करीब 3 से 4 बजे नेमीचंद घर के अंदर कमरे में सो रहा था, तभी सांप ने उसे डस लिया। इसके बाद पेट में दर्द होने पर परिजन उसे उपचार के लिए जयपुर स्थित एसएमएस



अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने कई जांचें कीं। परिजनों के मुताबिक उपचार के दौरान उसकी हालत में करीब 20 प्रतिशत सुधार भी बताया गया, लेकिन 20 अगस्त सुबह करीब 5 बजे नेमीचंद ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता किशोरी लाल सैनी और माता निरी देवी हैं। 19 वर्षीय नेमी की असमय मौत से परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर है।

# 450 से अधिक कांग्रेसजनों ने टिकट के लिए किए आवेदन, ढोल-नगाड़ों के साथ रैली में पहुंचे दावेदार

## किशोर चौधरी बोले- निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ताओं को टिकट में मिलेगी प्राथमिकता

स्मार्ट हलचल






**अनिल कुमार ब्यावर।** आगामी नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सतपुलिया स्थित फतेहपुरिया बगीची में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद चुनाव लड़ने के इच्छुक 450 से अधिक कांग्रेसजनों ने आवेदन प्रस्तुत किए। बड़ी संख्या में दावेदार ढोल-नगाड़ों के साथ रैली के रूप में बैठक स्थल पर पहुंचे और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा कि नगर परिषद चुनाव में पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित, निष्ठावान, सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को टिकट में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जनता के बीच रहकर संगठन को मजबूत करने वाले कार्यकर्ताओं के योगदान को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 450 से अधिक आवेदन मिलना कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन के प्रति विश्वास को दर्शाता है। टिकट वितरण संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगा और पार्टी का निर्णय सभी कार्यकर्ताओं के लिए सर्वोपरि रहेगा। कांग्रेस नेता पारसमल जैन ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। नगर परिषद चुनाव जनहित, शहर के विकास और कांग्रेस की विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन के साथ मजबूती से खड़े रहने तथा पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी की जीत के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। खनन प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष आशीषपाल पदावत ने कहा कि कांग्रेस का सबसे मजबूत आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं का उत्साह यह साबित करता है कि ब्यावर में कांग्रेस संगठन पूरी मजबूती के साथ सक्रिय है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने की अपील की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस आगामी नगर परिषद चुनाव में पूरी मजबूती और सुनियोजित रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। पार्टी के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले, जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने वाले तथा अपने वार्ड की समस्याओं को उठाने वाले निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ताओं को टिकट चयन में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने सभी आवेदकों से टिकट प्रक्रिया को संगठनात्मक भावना से स्वीकार कर कांग्रेस की जीत को सामूहिक लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भरत बाघमार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक वार्ड में जनता के बीच रहकर संगठन को मजबूत किया है। आगामी चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। ब्यावर प्रभारी लाल मोहम्मद प्रधान ने कहा कि प्रत्याशी चयन में पार्टी के प्रति निष्ठा, संगठनात्मक सक्रियता, जनसेवा, वार्ड में पकड़ और जनता से सीधे जुड़ाव जैसे पहलुओं को ध्यान में रखा जाएगा। कांग्रेस प्रत्येक वार्ड में मजबूत और जनस्वीकार्य प्रत्याशी उतारने की दिशा में कार्य करेगी। सहप्रभारी धर्मेश रिणवा ने कहा कि बड़ी संख्या में आवेदन और कार्यकर्ताओं का उत्साह कांग्रेस संगठन की मजबूती का परिचायक है। उन्होंने चुनाव तक सभी कांग्रेसजनों से एकजुट होकर पार्टी के लिए पूरी ताकत से काम करने का आह्वान किया। बैठक के बाद इच्छुक आवेदकों के आवेदन पत्र स्वीकार किए गए। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया ने बताया कि 450 से अधिक कांग्रेसजनों ने नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है। प्राप्त आवेदनों और संगठनात्मक स्तर पर प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। बैठक में जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धर्म सिंह भाटी, पीसीसी सदस्य सहदेव सिंह रावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, पूर्व सभापति डॉ. मुकेश मौर्य, सेवादल जिला अध्यक्ष विक्रम सोनी, महिला जिला अध्यक्ष इशिका जैन, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सांखला, एससी विभाग जिला अध्यक्ष बिरदीचंद खोरवाल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अजमद काठात, पूर्व प्रत्याशी मनोज चौहान, पप्पू काठात, पूर्व सभापति शांति डाबला, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष राधिका शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रांका, देवेंद्र काठात, वृत्तंजय आर्य, अनिल प्रजापति, जितेंद्र राजावत, प्रवीण बडोला सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया एवं सोहन मेवाड़ा ने बताया कि कांग्रेस संगठन ने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन, एकजुटता और समर्पण के साथ नगर परिषद चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया है।

# अग्रवाल बने अभाविप के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के इंडीजीनियस क्षेत्रीय संयोजक




स्मार्ट हलचल

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद चित्तौड़गढ़ जिले की जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडीजीनियस आयाम में चित्तौड़ प्रांत के हर्ष अग्रवाल को उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी गई, उनके कार्यक्षेत्र में राजस्थान के तीनों प्रांत–चित्तौड़ प्रांत, जयपुर प्रांत एवं जोधपुर प्रांत तथा दिल्ली प्रांत शामिल रहेंगे। अभाविप के इंडीजीनियस आयाम की राष्ट्रीय कार्यशाला 22-23 अगस्त को ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई। कार्यशाला में देशभर से प्रांत संयोजक, प्रांत सह संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन सत्र में इंडीजीनियस आयाम के राष्ट्रीय संयोजक वेदांत ठाकुर ने नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की। इसी दौरान हर्ष अग्रवाल को उत्तर-पश्चिम क्षेत्र का क्षेत्रीय संयोजक नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। यह घोषणा अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री विपिन गुप्ता की उपस्थिति में हुई। अग्रवाल पूर्व में विद्यार्थी परिषद में इंडीजीनियस प्रांत संयोजक, प्रांत सह संयोजक, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं तहसील संयोजक जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। अग्रवाल को नई जिम्मेदारी मिलने पर विभाग प्रमुख आलोक सिंह राठौड़, विभाग संगठन मंत्री रामकृष्ण मेहता, जिला प्रमुख नीलम मेहता, जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी सहित अभाविप के कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# श्री शिवमहापुराण के आखिरी दिन श्री देवकिशन जी शास्त्री जी ने बताया कि भगवान हमेशा दु:ख की घड़ी में भक्तों का साथ देते है

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-र** शाहपुरा/-श्री खान्या के बालाजी मंदिर प्रांगण ने चल रही श्री शिवमहापुराण कथा महंत श्री श्री 108 श्री रामदास जी त्यागी की



असीम अनुकम्पा से कथा वाचक पंडित श्री देवकिशन जी शास्त्री द्वारा सप्त दिवसीय कथा के आखरी सोमवार को पंडित श्री देवकिशन जी शास्त्री ने बताया कि हमे दुनिया मे बिना रोये कभी भी भगवान नही मिलते है।कभी आपने देखा कि हँसने वाले को भगवान मिले हो।मीरा बाई ने भी श्री कृष्ण भगवान की भक्ति में बहुत दु:ख सहे अपना घर परिवार छोड़ा गाँव-गाँव जाकर भगवान के भजन गाये उनकी भक्ति की बहुत दु:ख सहे तब जाकर मीरा बाई को भगवान श्री कृष्ण के दर्शन हुए। इसलिए भगवान कभी भी सुख में नही मिलते हमेशा दु:ख की घड़ी में ही लोग इनको याद करते है तभी भगवान मिलते है। शास्त्री जी ने बताया कि भगवान श्री गणेशजी जिनके दो पत्नियां थी सिद्धि और सिद्धि व उनके दो पुत्र थे शुभ और लाभ जिनके भी दो पुत्र थे आमोद और प्रमोद जो गणेश जी के पौत्र कहलाये। आज के आखरी दिन सोमवार को बालाजी महिला मण्डल व भक्तगण द्वारा बहुत ही आनन्द लिया गया तथा भगवान के भजनों पर महिलाओं ने नाचते गाते हुए बड़ा आनन्द लिया।एक दिन पूर्व नर्बदेश्वर महादेव मण्डल द्वारा 151 किलो का खीर की प्रसादी का वितरण किया गया व सोमवार को सभी भक्तजनों को भोजन प्रसादी करवाई गई ।

# सवर्ण समाज ने मांगा योग्य प्रत्याशियों को टिकट, अनदेखी पर विकल्पों पर विचार

## नगर निकाय चुनाव को लेकर बैठक में वार्डवार दावेदारों और चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर सवर्ण समाज, ब्यावर की महत्वपूर्ण बैठक श्री खंडेलवाल वैश्य भवन में संयोजक मंडल के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े समाज के संभावित प्रत्याशियों, आवेदकों एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। बैठक में अनारक्षित वार्डों से समाज के योग्य, ईमानदार, स्वच्छ छवि एवं जनसेवा के प्रति समर्पित दावेदारों को राजनीतिक दलों की ओर से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग उठाई गई। इस दौरान विभिन्न वार्डों की स्थिति, संभावित प्रत्याशियों की सामाजिक स्वीकार्यता, जनसेवा के अनुभव तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समाजबंधुओं ने कहा कि पार्षद और सभापति जैसे पद जनता के प्रति जवाबदेही वाले हैं। ऐसे जनप्रतिनिधियों को अवसर मिलना चाहिए जो पूरे कार्यकाल जनता के बीच रहकर सड़क, पानी, सफाई, नाली, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करें। बैठक में कहा गया कि सवर्ण समाज किसी राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति के विरोध में नहीं है, बल्कि योग्य एवं स्वच्छ छवि वाले व्यक्तियों को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिलाने के पक्ष में है। यदि योग्य दावेदारों की अनदेखी की जाती है तो समाज के सक्षम व्यक्तियों द्वारा स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरने सहित अन्य लोकतांत्रिक विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। संयोजक मंडल ने कहा कि समाज की प्राथमिकता टकराव नहीं, बल्कि सम्मानजनक प्रतिनिधित्व, जनसेवा और ब्यावर के विकास को गति देना है। बैठक में सामाजिक एकजुटता, आपसी समन्वय एवं वार्डवार संवाद को आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी। अंत में संयोजक मंडल ने बैठक में उपस्थित सभी समाजबंधुओं, प्रत्याशियों एवं आवेदकों का आभार व्यक्त किया।

# वार्ड 49 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क, सरकार की योजनाएं घर-घर पहुंचाने का आह्वान

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव को लेकर भाजपा की पूर्व अजमेर देहात जिला महिला मोर्चा मंत्री एवं वार्ड प्रभारी मंजू जांगिड़ ने वार्ड संख्या 49 का दौरा कर विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं की बैठकें लीं। नून्द्री मालदेव एवं भोजपुरा में आयोजित बैठकों में उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर सक्रियता बढ़ाने तथा प्रत्येक घर तक पहुंचकर भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। मंजू जांगिड़ ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं एवं बेरोजगारों के हित में कई योजनाएं एवं कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचानी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की उपलब्धियों से अवगत हो सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी भी वार्ड में किसी भी कार्यकर्ता को पार्टी का टिकट मिले, सभी कार्यकर्ताओं को उसका पूर्ण समर्थन करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी जिसे भी टिकट मिलेगा, उसका चुनाव चिन्ह कमल का फूल होगा। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत से कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वार्ड 49 में भी जिसे पार्टी का टिकट मिलेगा, वही भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी होगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान वार्ड प्रभारी मंजू जांगिड़ के साथ मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री गणपत सिंह, संयोजक संतोष सिंह एवं सहसंयोजक नवल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं से संपर्क किया। इस दौरान नारायण सिंह, नरेंद्र सिंह, रविन सिंह, सुरेश सिंह, गोविंद सिंह, आबिदा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा आगामी नगर निकाय चुनाव में सक्रिय भागीदारी को लेकर चर्चा की। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल



**रणवीर सिंह चौहान** भवानी मंडी भवानीमंडी में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। रविवार शाम करीब 6 बजे भाजपा मंडल भवानीमंडी शहर की बैठक संपन्न हुई, जिसमें चुनावी रणनीति पर गहन मंथन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए विश्वास और विकास को प्रमाणित करने का अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करने का आग्रह किया। शर्मा ने सभी 40 वार्डों में जीत हासिल कर भाजपा का बोर्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। शर्मा ने बताया कि दावेदारों के नाम सूचीबद्ध कर जिला स्तर से प्रदेश स्तर पर भेजे जाएंगे। उचित विचार-विमर्श के बाद ही प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव के लिए अब समय कम है, ऐसे में सभी को एक दिशा और एक विचार के साथ जुटना होगा। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि समय पर प्रत्याशियों का पैनल तय नहीं होता है, तो कार्यकर्ता नामांकन फार्म भर सकता है, लेकिन पार्टी के कॉलम में भाजपा का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा के बजाय स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले कार्यकर्ता को पार्टी पैनल से बाहर कर दिया जाएगा। बैठक में भवानीमंडी प्रभारी रूपेश शर्मा, संयोजक दिनेश जैन और डग विधायक कालूराम मेघवाल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मंच पर मानसिंह चौहान, रंजीता पांडे, सुल्तान सिंह, रामलाल गुर्जर, सुनीश दीक्षित, निर्मल शर्मा, नीटू चौधरी, पिंकी गुर्जर और नरेश माधवानी उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष प्रदीप जैन ने अंत में आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, विनय पोरवाल, जिला मंत्री प्रकाश वर्मा, जिला मंत्री जितेंद्र सिंह राजावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेत्रदान पखवाड़े की पूर्व संध्या पर माँ भारती पी.जी. कॉलेज में गूँजा नेत्रदान का संदेश, 120 ने लिया नेत्रदान का संकल्प

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** 41वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े की पूर्व संध्या पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चैप्टर के तत्वावधान में माँ भारती पी.जी. कॉलेज, महावीर नगर, कोटा में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 120 विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. के. के. कंजोलिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेत्रदान मानवता की सबसे सुंदर और प्रेरक सेवाओं में से एक है। मृत्यु के बाद भी हमारी आँखों की रोशनी किसी ऐसे व्यक्ति के जीवन में नई सुबह ला सकती है, जो कॉर्निया की बीमारी के कारण दुनिया देखने से वंचित है। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चैप्टर के समन्वयक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय ने कहा, 'नेत्रदान का संकल्प केवल एक हस्ताक्षर नहीं है, यह किसी अंधेरी जिंदगी में रोशनी पहुँचाने का वादा है। हमारी मृत्यु जीवन का अंत हो सकती है, लेकिन हमारी आँखों की रोशनी का अंत होना आवश्यक नहीं है।' उन्होंने बताया कि नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाता है और प्रत्यारोपण में मुख्य रूप से आँख के सामने स्थित पारदर्शी भाग कॉर्निया, अर्थात पारदर्शी पुतली, का उपयोग किया जाता है। उपयुक्त स्थिति में एक नेत्रदाता के दोनों कॉर्निया दो अलग अलग व्यक्तियों के जीवन में दृष्टि की नई संभावना पैदा कर सकते हैं। जी. डी. पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि केवल नेत्रदान का संकल्प पत्र भरना पर्याप्त नहीं है। प्रत्येक संकल्पित व्यक्ति को अपने माता पिता, जीवनसाथी, बच्चों एवं निकट संबंधियों को अपनी इच्छा के बारे में अवश्य बताना चाहिए, क्योंकि मृत्यु के बाद परिवार की तत्परता और सहमति ही इस संकल्प को वास्तविक नेत्रदान में बदलती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नेत्रदान, कॉर्निया प्रत्यारोपण, नेत्रदाता की आयु, नेत्रदान की प्रक्रिया तथा इससे जुड़ी सामाजिक और धार्मिक भ्रांतियों के संबंध में अनेक प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नेत्रदान जागरूकता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन नेत्रदान जागरूकता पोस्टर के विमोचन के साथ हुआ। इस अवसर पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, कोटा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. के. के. कंजोलिया, समन्वयक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय, दिनेश विजय, जी. डी. पटेल, सुश्री अनीता चौहान, डॉ. श्वेता सक्सेना, डॉ. मनीषा शर्मा, मीनाक्षी सहित बड़ी संख्या में माँ भारती पी.जी. कॉलेज के फैकल्टी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# अधिकारियों को सफल क्रियान्वयन के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर सिटी,** स्मार्ट हलचल,मदन मोहन गर्ग। 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को तालुका अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-1 श्री अखिलेश कल्याण की अध्यक्षता में प्रशासनिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम विनोद कुमार, उप अधीक्षक पुलिस गिर्राज, नगर परिषद के प्रतिनिधि गुरदीप कश्यप, जेवीवीएनएल के अधिशासी अभियंता नवीन चंद भंडारी, सहायक अभियंता एस.एन. मीणा, एईएन द्वितीय हिम्मत सिंह, जल विभाग के सहायक अभियंता लोकेंद्र सिंह तथा बार एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अखिलेश कल्याण ने अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लोक अदालत के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया।

## कुलगुरु खुद पहुंचे परीक्षा केंद्र, संभाली उड़नदस्ता टीम की कमान

# प्रो. बी.पी. सारस्वत ने दिया 'लीड फ्रॉम द फ्रंट' का संदेश, बोले–पहले गुरू, फिर कुलगुरु

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** नेतृत्व केवल निर्देश देने का नाम नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर स्वयं जिम्मेदारी संभालकर उदाहरण प्रस्तुत करने का नाम है। कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने सोमवार को इसी सोच को जमीन पर उतारते हुए चल रही विश्वविद्यालय परीक्षाओं के दौरान स्वयं परीक्षा उड़नदस्ता दल की ड्यूटी संभाली और परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कुलगुरु को स्वयं निरीक्षण करते देख परीक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और कार्मिकों में भी उत्साह नजर आया। निरीक्षण के दौरान प्रो. सारस्वत ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं, अनुशासन, निगरानी और परीक्षा संचालन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कार्मिकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया।

कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्य करते समय हमें सबसे पहले यह याद रखना चाहिए कि हम गुरू हैं और उसके बाद कुलगुरु या किसी अन्य प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी आती है। सभी डीन, प्रोफेसर और शिक्षक इसी भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी समान रूप से महत्वपूर्ण है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

### पहली बार कुलगुरु ने संभाली उड़नदस्ता ड्यूटी

इस दौरान प्रो. डॉ. अनुकृति शर्मा भी कुलगुरु सारस्वत के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब किसी कार्यरत कुलगुरु ने स्वयं उड़नदस्ता दल की जिम्मेदारी संभालते हुए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया है। उन्होंने प्रो. सारस्वत की इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि व्यस्त प्रशासनिक दायित्वों के बावजूद परीक्षा निरीक्षण के लिए समय निकालना सकारात्मक नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण है। परीक्षा व्यवस्था से जुड़े केंद्र अधीक्षक प्रो. डॉ. सौरभ डालेदल और एएससी डॉ. प्रज्ञा धीर ने भी कुलगुरु की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुलगुरु का स्वयं परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखना विश्वविद्यालय के शिक्षकों और परीक्षा ड्यूटी में लगे कार्मिकों के लिए प्रेरणादायी संदेश है।

आम चुनाव-2026

नगरीय निकाय आम चुनाव-2026

# नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित



जयपुर(नि.सं.)। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राज्य निर्वाचन आयोग के सभागार में नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से संबंधित अधिकारी जुड़े। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह ने सभी जिलों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों और अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिलेवार चुनाव तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों से चुनाव कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर उनका समाधान किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने मतदाता सूचियों में संशोधन एवं अद्यतन की स्थिति, दिव्यांगजनों के लिए मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं तथा संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हों और दिव्यांग एवं अन्य जरूरतमंद मतदाताओं को मतदान के दौरान आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

**चुनाव कार्यो में लापरवाही पर जताई नाराजगी**

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव तैयारियों में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरतने वाले जिलों एवं अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में चुनाव संबंधी कार्य पूरे करें और आयोग के निर्देशों की पूरी तरह पालना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन, मतदान, मतगणना सहित निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों की शंकाओं का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। आयुक्त ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ पूरी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने चुनाव से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी समस्या का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राजेश वर्मा एवं अन्य अधिकारी का उपस्थित रहे।



राज्यपाल ने कहा, विश्व में अक्षुण्ण रही है भारत की ज्ञान परम्परा

# सम्पूर्ण जगत में प्राचीन भारतीय ज्ञान पर शोध व अध्ययन आवश्यक : राज्यपाल



जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे उदयपुर में इतिहास विभाग, फैकल्टी ऑफ़ सोशल साइंस एन्ड ह्यूमेनिटीज़, पेसिफिक अकादमी ऑफ़ हायर एजुकेशन एन्ड रिसर्च विश्वविद्यालय, वेश्विक संस्कृत मंच एवं वैश्विक इतिहास मंच के तत्त्ववधान मे आयोजित प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा = ज्ञान एवं विज्ञानं के आधुनिक आयाम विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे। समापन समारोह में राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि विदेशी दार्शनिको भाषाविदो, लेखको ने भी भारतीय ज्ञान परम्परा भौतिक क्षमता, समृद्ध भाषा, वेश्विक दर्शन,परमाणुवाद के लोहे को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजो के आगमन से पहले भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन और विकास के लिए भारत में आठ लाख गुरुकुल, विद्यालय और आश्रम संचालित थे, जिनको पतन के कगार पर पंहुचाकर लार्ड मैकाले ने भारतीय संस्कृति, ज्ञान, विज्ञानं पर आघात किया, जो भारत मेँ अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली के रूप मेँ दृष्टव्य है। इससे यहाँ के लघु कुटीर उद्योगो का पतन हुआ। उन्होंने अपने उदबोधन मेँ बप्पा रावल द्वारा विदेशी आक्रमणकरियो को भारत भूमि से बाहर निकालने से सम्बंधित विविध उद्धरण प्रस्तुत किए।

## न्यूज़ इन बॉक्स



# केरल की केजिया लिज मेजो बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया-2026

### इंटरनेशनल लेवल पर भारत को रिप्रजेंट करेंगी, बोलीं- यह मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी




जयपुर (नि.सं.)। केरल की केजिया लिज मेजो ने मिस यूनिवर्स इंडिया-2026 का खिताब जीत लिया है। उन्होंने अपनी खूबसूरती और इंटेलिजेंस से हर किसी को इम्प्रेस किया। उन्हें मिस यूनिवर्स इंडिया-2025 मनिका विश्वकर्मा ने क्राउन पहनाया। केजिया अब इंटरनेशनल लेवल पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस साल के अंत में प्यूर्टो रिको में होने वाली 75वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में दुनिया के विभिन्न देशों की ब्यूटी क्वीन हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता में तमिलनाडु की वैष्णवी गणेश फर्स्ट् रनर-अप और गुजरात की अनुश्री सातवलेकर सेकंड रनर-अप रहीं। जयपुर के जी-स्टूडियो में रविवार देर रात 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2026' फिनाले आयोजित हुआ।



# यूके की मॉली मैरी बक्ली बनीं मिस ओशियन वर्ल्ड

### इंडोनेशिया की बेनिंग फज्रियानी फर्स्ट् रनरअप रही, 20 देशों की मॉडल्स ने दिखाया टैलेंट

जयपुर। मिस ओशियन वर्ल्ड 2026 के ग्रैंड फिनाले में यूनाइटेड किंगडम की मॉली मैरी बक्ली ने मिस ओशियन वर्ल्ड 2026 का खिताब अपने नाम किया। जयपुर के मानसरोवर स्थित अनंत महल में अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी पेजेंट 'मिस ओशियन वर्ल्ड 2026' के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 20 देशों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**भारत की हीना बनी सेकंड रनर-अप:** इंडोनेशिया की बेनिंग फज्रियानी फर्स्ट् रनरअप, भारत की हीना ठाकुर सेकंड रनर-अप, जापान की काना सागारा थर्ड रनरअप और जिम्बाब्वे की प्योरिटी तनात्स्वानाशे मकूबा फोर्थ रनर-अप रहीं। यह आयोजन टूरिज्म और कल्चरल एक्सचेंज एक्टिविटीज के तहत आयोजित किया गया।



जयपुर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल

# राजस्थान में पहली बार विशेष पीडियाट्रिक एयरवे सीड वर्कशॉप, 70 से अधिक मेडिकल डेलीगेट्स ने लिया प्रशिक्षण

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर में आज 6वीं विशेष पीडियाट्रिक एयरवे सीड वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और उन्नत पीडियाट्रिक एयरवे मैनेजमेंट पर केंद्रित गहन अकादमिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के डिपार्टमेंट ऑफ एनेस्थीसियोलॉजी एंड पेन मैनेजमेंट द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन एयरवे मैनेजमेंट फाउंडेशन (एएमएफ) के अकादमिक सहयोग तथा जयपुर सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स (जेएसए) के सहयोग से किया गया।

कार्यशाला में 70 से अधिक मेडिकल डेलीगेट्स ने हैंड्स-ऑन सिमुलेशन ट्रेनिंग में भाग लिया। वर्कशॉप के मुख्य अतिथि पदमश्री डॉ माया टंडन एवं विशिष्ट अतिथि एस पी शर्मा रहें । एक दिवसीय कार्यक्रम में बाल चिकित्सा एयरवे आपात स्थितियों से जुड़ी व्यावहारिक एवं क्लिनिकल चुनौतियों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों के लिए पीडियाट्रिक एयरवे से संबंधित अकादमिक सत्र, नवीनतम एयरवे मैनेजमेंट उपकरणों के साथ मैनिकिन आधारित हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग तथा जटिल पीडियाट्रिक एयरवे परिस्थितियों पर इंटरैक्टिव केस डिस्कशन आयोजित किए गए।

वर्कशॉप में एयरवे मैनेजमेंट फाउंडेशन और जयपुर सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. शक्ति दत्त शर्मा, (एएमएफ); डॉ. सुनील कुमार, सेक्रेटरी, (एएमएफ); डॉ. राजीव लोचन तिवारी, ऑर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट; डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, प्रेसिडेंट, (जेएसए); डॉ. रितु शर्मा, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी; डॉ. ज्योत्सना भार्गव, को-ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी; और डॉ. अखिल अग्रवाल, सेक्रेटरी, (जे एस ए) शामिल रहे।

अशोक नगर थाना पुलिस की कार्यवाही

# पोकर गेम की आड़ में चल रहा था जुआघर:7 गिरफ्तार



**माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

जयपुर। डीएसटी जयपुर साउथ और अशोक नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कौशल पोकर गेम की आड़ में चल रहे जुआघर का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से मैनेजर सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि रविवार को अशोक नगर थाना क्षेत्र स्थित माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर जी-22बी, कमला मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में कार्रवाई की गई। यहां ताश के पत्तों और टोकन के जरिए हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी भव्य (27) निवासी विद्युत नगर, चित्रकूट, दीपक सिंह (34) निवासी चकरोली, जगतपुरा, कौशल शाह (29) निवासी स्ट्रीटेंजर अपार्टमेंट, चेन्नई, अजय जोशी (21) निवासी भीमदत्त, नेपाल, आशीष दीवान (29) निवासी एसएमएस अस्पताल के सामने, जयपुर, ऋषभ बज (35) निवासी नालंदा विहार, दुर्गापुरा और प्रेम सिंह मोडई (30) निवासी शांति नगर, बागमती, काठमांडू है।




## भाजपा की पूर्व विधायक का तलाक रद्द:3 साल पहले दिए आदेश को कोर्ट ने एकतरफा माना

**पति ने कहा- सोने की मणि नहीं चाहिए**

जालोर(वि.सं.)। जालोर की फैमिली कोर्ट ने पूर्व भाजपा विधायक अमृता मेघवाल और भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल मेघवाल के तलाक को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने करीब 3 साल पहले पारित एकतरफा तलाक की डिक्री को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने माना कि अमृता मेघवाल को मामले में विधि अनुसार नोटिस की तामील नहीं हुई और उन्हें अपना पक्ष रखने का सही मौका नहीं मिला। आदेश के बाद बाबूलाल मेघवाल ने कहा- भले ही अमृता सोने की मणि हो, लेकिन अब मुझे यह मणि नहीं चाहिए। दरअसल, बाबूलाल मेघवाल ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत विवाह विच्छेद (तलाक) की याचिका 22 सितंबर 2022 को जालोर फैमिली कोर्ट में पेश की थी। अमृता को जयपुर के पुराने पते पर नोटिस भेजे गए।

बांसवाड़ा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सहित 2 दलाल 4,000 रु. रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

जयपुर / बांसवाड़ा(वि.सं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की बांसवाड़ा इकाई ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय बागीदौरा में पदस्थापित वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र सिंह भाटी और उसके लिए रिश्वत की रकम लेने वाले दो निजी व्यक्तियों (दलालों) रतनसिंह व विठ्ठल को 4,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गृह ऋण (होम लोन) से जुड़ी फाइलों को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से रजिस्टर्ड मॉर्टगेज करवाकर उपलब्ध कराने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहे थे। परिवादी ने एसीबी चौकी बांसवाड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है, जिसके माध्यम से ग्राहकों को गृह ऋण स्वीकृत किया जाता है। ऋण स्वीकृति से पहले आवेदकों की रजिस्ट्री को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से रजिस्टर्ड मॉर्टगेज करवाना अनिवार्य होता है। तहसील कार्यालय बागीदौरा का वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र सिंह भाटी दो फाइलों को रजिस्टर्ड मॉर्टगेज करवाकर पत्रावलियां सौंपने के बदले रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा था। सत्यापन के दौरान 4,000 रुपये में तय हुआ सौदा शिकायत मिलने पर एसीबी द्वारा गोपनीय सत्यापन करवाया गया।

**सत्यापन में पुष्टि:** सत्यापन के दौरान आरोपी वरिष्ठ सहायक ने दोनों पत्रावलियों के एवज में 2,500 रुपये प्रति फाइल के हिसाब से कुल 5,000 रुपये की मांग की। बाद में बातचीत के दौरान 500-500 रुपये कम करते हुए कुल 4,000 रुपये रिश्वत लेने पर सहमति बनी।




जाल बिछाकर दलालों सहित दबोचा, आवास की भी तलाशी

रिश्वत मांग की पुष्टि के बाद, एसीबी उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन और उप अधीक्षक पुलिस रतन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में ट्रैप रचा गया।

ट्रैप के दौरान आरोपी योगेन्द्र सिंह भाटी ने परिवादी को 4,000 रुपये की रिश्वत राशि अपने परिचित रतनसिंह (दलाल) को देकर विठ्ठल (दलाल) तक पहुंचाने के निर्देश दिए।



# पानी पीने गया भाई डूबा,बचाने गई 2-बहनों की भी मौत

### खेत से घर नहीं लौटे तो पहुंचे परिजन; 3 दिन पहले मां का हुआ था निधन

जोधपुर(वि.सं.)। जोधपुर जिले में चौकड़ी गांव के एक खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से भाई और 2 चचेरी बहनों की मौत हो गई। तीनों घर से खेत पहुंचे थे। यहां भाई को प्यास लगी तो वह पानी पीने के लिए डिग्गी के पास गया। पैर फिसलने से वह डिग्गी में गिर गया। छोटे भाई को डूबता देख चचेरी बहनें उसे बचाने के लिए तुरंत डिग्गी में कूद गईं। डिग्गी में गहराई के कारण तीनों ही डूब गए। हादसा बोरुंदा थाना इलाके में रविवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच हुआ। परिजनों के अनुसार- सुमन (12) पुत्री भिया, रेखा (16) पुत्री नाथूराम और प्रवीण (8) पुत्र महेंद्र चचेरे भाई-बहन थे।

नगर निगम जयपुर के आम चुनाव-2026

# नगर निगम जयपुर के आम चुनाव-2026 के लिए नामांकन पत्र हेतु 15 प्राप्ति स्थलों का निर्धारण



जयपुर(नि.सं.)। नगर निगम जयपुर के आम चुनाव-2026 के लिए नगर निगम जयपुर के समस्त वार्डों में आम चुनाव के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित वार्डों के नामांकन पत्र प्राप्त करने एवं नामांकन प्राप्ति के पश्चात निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यवाही संपादित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिसिपल) एवं जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार वार्ड संख्या 1 से 10 के लिए कार्यालय रीको रोड नंबर 05, वी.के.आई., सीकर रोड, 11 से 20 के लिए कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्लॉट नंबर 370, वी.के.आई. एरिया, मुरलीपुरा, 21 से 30 के लिए कार्यालय उपायुक्त नगर निगम झोटवाड़ा जोन, खिरणी फाटक, झोटवाड़ा, 31 से 40 के लिए शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय (अंग्रेजी माध्यम), खातीपुरा, 41 से 50 के लिए उपखण्ड कार्यालय, सांगानेर तथा 51 से 60 के लिए पंचायत समिति कार्यालय, सांगानेर प्राप्ति स्थल निर्धारित किए गए हैं।

मतदाताओं, प्रत्याशियों को किया अलर्ट

राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# नगर निकाय चुनाव में साइबर ठगों से सावधान रहें

### फर्जी वोटर लिंक, OTP और क्यूआरकोड से हो सकती है ठगी

जयपुर(नि.सं.)। नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आगामी आम चुनाव के दौरान साइबर ठग मतदाताओं, चुनाव प्रत्याशियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को निशाना बनाकर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी और भ्रामक सूचनाएं फैला सकते हैं। इसको लेकर पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए राजस्थान पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर आमजन को सतर्क रहने की अपील की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं, श्री वी.के. सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा द्वारा जारी साइबर एडवायजरी अनुसार चुनाव के दौरान विशेष रूप से फर्जी लिंक, क्यूआर कोड, फिशिंग ई-मेल और डीपफेक/फेक न्यूज के प्रति सावधानी बरतने की अपील की गई है।

**वोटर लिस्ट में नाम देखें-ऐसे फर्जी लिंक से रहें सावधान**

साइबर ठग WhatsApp या SMS के जरिए अपना नाम वोटर लिस्ट में देखें, आपका पोलिंग बूथ बदल गया है जैसे संदेश भेजकर फर्जी लिंक पर क्लिक करा सकते हैं। ऐसे किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें। मतदाता सूची अथवा मतदान संबंधी जानकारी के लिए केवल State Election Commission, Rajasthan और CEO Rajasthan की आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें।




**OTP मांगने वाला कोई भी अधिकारी हो सकता है साइबर ठग**

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग का अधिकारी बताकर वोटर कार्ड अपडेट, सत्यापन अथवा अन्य चुनावी प्रक्रिया के नाम पर फोन करने वाले व्यक्ति को OTP, बैंक विवरण, PI PIN या अन्य निजी जानकारी साझा नहीं करें। याद रखें–OTP किसी के साथ साझा करना साइबर ठगी का कारण बन सकता है।

**वायरल वीडियो और ऑडियो पर तुरंत विश्वास न करें**

चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर नेताओं के नाम से फर्जी वीडियो, ऑडियो, भाषण एवं डीपफेक सामग्री वायरल की जा

# भारत से पहले ढाका में ट्रेनिंग कर सकता है ब्राजील

## कोलकाता स्टेडियम पर सवाल, 6 अक्टूबर को केप वर्डे से मैच की भी तैयारी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ब्राजील की फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बांग्लादेश के ढाका में ट्रेनिंग कैंप लगाने पर विचार कर रही है। ब्राजील फुटबॉल कन्फेडरेशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 23 अगस्त को ढाका का दौरा किया। टीम ने नेशनल स्टेडियम, बसुंधरा किंग्स एरेना और कई होटलों का निरीक्षण किया। बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष तबिथ अवल ने बताया कि ब्राजील के साथ ढाका में ट्रेनिंग करने और बांग्लादेश के खिलाफ फ्रेंडली खेलने समेत सभी विकल्पों पर बात हुई है। हालांकि, अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। ब्राजील 25 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टाउन्सविले और 29 सितंबर को ब्रिस्बेन में मुकाबला खेलेगा। इसके



बाद टीम भारत आएगी।कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में भारत और ब्राजील के बीच फ्रेंडली मैच खेला जाना है।

**ढाका की पिच ब्राजील को ठीक लगी –** बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के मुताबिक, ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल स्टेडियम और बसुंधरा किंग्स एरेना की पिच को टीम के लिए सही बताया। हालांकि, ड्रेसिंग रूम, तकनीकी स्टाफ के लिए जगह और एंट्री-एग्जिट पर सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई गई है। ढाका में ब्राजील और बांग्लादेश के बीच 5 या 6 अक्टूबर को फ्रेंडली मैच की भी चर्चा हुई है। हालांकि, बांग्लादेश की टीम 24 सितंबर से 4 अक्टूबर तक इंडोनेशिया में स्त्रद्धस्त्र एशियन कप में खेलेगी।

### ब्राजील के मैच पर भूटिया ने खर्च को लेकर सवाल उठाए

भारत–ब्राजील मुकाबले को लेकर पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने ब्राजील को कोलकाता बुलाने पर करीब 50 से 70 करोड़ रुपए खर्च होने की रिपोर्ट पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि इतनी रकम बंगाल के घरेलू फुटबॉल और ग्रासरूट डेवलपमेंट पर खर्च की जा सकती थी।भूटिया ने भारत के एफआईएफए एशियन कप 2026 से हटने के विरोध में फैंस से ब्राजील के खिलाफ होने वाले मैच के बहिष्कार की अपील भी की है।

### सितंबर में पनामा से भी मुकाबला

भारत सितंबर में पनामा के खिलाफ भी फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडली खेलने की तैयारी में है। एआईएफएफ ने पनामा के साथ लेटर ऑफ इंटेंट साइन किया है। यह मैच 26 या 27 सितंबर को होने की संभावना है। हालांकि, इसका वेन्यू अभी तय नहीं हुआ है।

**साल्ट लेक की पिच पर ब्राजील ने जताई चिंता –** भारत-ब्राजील मुकाबला 3 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में होगा। यह ब्राजील का भारत में पहला मुकाबला होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने 30 जुलाई को इसकी घोषणा की थी। मैच से पहले सीबीएफ के पांच सदस्यीय दल ने कोलकाता का भी निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने स्टेडियम, ट्रेनिंग ग्राउंड, पिच, ड्रेसिंग रूम, होटल और सुरक्षा व्यवस्था देखी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैदान की घास की स्थिति और कुछ जगहों पर टर्फ को लेकर चिंता जताई गई है। ब्राजील ने पिच और ट्रेनिंग ग्राउंड की घास में सुधार की जरूरत बताई है।

**संक्षिप्त समाचार**

## मोदी 1500 से ज्यादा जगहों पर युवाओं-खिलाड़ियों से करेंगे संवाद

### नेशनल स्पोर्ट्स डे से पहले कार्यक्रम, पीटी उषा समेत कई प्लेयर्स भी जुड़ेंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अगस्त को देशभर में 1,500 से ज्यादा जगहों पर युवाओं और खिलाड़ियों से वर्चुअल संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम खेल मंत्रालय के 'खेलो इंडिया संवाद– खेल की बात, पीएम के साथ' अभियान के तहत आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 29 अगस्त को होने वाले नेशनल स्पोर्ट्स डे से दो दिन पहले होगा। 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती होती है। इसी दिन देश में नेशनल स्पोर्ट्स डे मनाया जाता है।

**कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडलिस्ट से मिल चुके हैं मोदी –** इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी 9 अगस्त को कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मिले थे। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की रील भी इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इस बार खिलाड़ियों और युवाओं के साथ संवाद वर्चुअल होगा।

**दिल्ली में 4–5 जगहों पर कार्यक्रम –** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम 4–5 जगहों पर आयोजित किए जाएंगे। इनमें आईआईटी दिल्ली भी शामिल है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया आईआईटी दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह 27 अगस्त को आईआईटी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**दिग्गज खिलाड़ी भी युवाओं से करेंगे बातचीत –** भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के अलावा मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी तथा अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता भी युवाओं से संवाद करेंगे। इनमें मनिका बत्रा, दीपा करमाकर, साइना नेहवाल, गगन नारंग, श्रीजेश, मैरी कॉम, बाइचुंग भूटिया, पुलेला गोपीचंद, अंजू बॉबी जॉर्ज, कर्णम मल्लेश्वरी और मीराबाई चानू शामिल हैं। कुछ क्रिकेटर भी कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत करेंगे।

## लद्दाख में सबसे ऊंचा क्रिकेट स्टेडियम बनाने की तैयारी

### 11,800 फीट की ऊंचाई पर बनेगा मैदान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लद्दाख में दुनिया का सबसे ऊंचा क्रिकेट स्टेडियम बनने की योजना चर्चा में है। लेह के पास थिकसे क्षेत्र में करीब 11,800 फीट की ऊंचाई पर रणबीरपुर क्रिकेट स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। अगर इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलती है और इसका निर्माण पूरा होता है, तो यह दुनिया के सबसे ऊंचे क्रिकेट स्टेडियमों में शामिल हो सकता है। फिलहाल यह परियोजना डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट के चरण में है। लेह पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट ने इसकी व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए कंसल्टेंसी सेवाओं के लिए बोली आमंत्रित की है। हालांकि, अभी तक परियोजना को अंतिम आधिकारिक मंजूरी नहीं मिली है।

**11,800 फीट की ऊंचाई पर बनेगा स्टेडियम –** प्रस्तावित रणबीरपुर क्रिकेट स्टेडियम लेह शहर से करीब 19–20 किलोमीटर दूर थिकसे के पास बनाया जा सकता है। इसकी ऊंचाई करीब 11,800 फीट बताई जा रही है, जो मौजूदा कई हाई–एल्टीट्यूड क्रिकेट मैदानों से कहीं ज्यादा होगी। यहां से हिमालय की ऊंची चोटियों का शानदार नजारा भी देखने को मिल सकता है।

**100 करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है लागत –** रिपोर्ट्स के अनुसार, इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की लागत 100 करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है। स्टेडियम में करीब 40,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता रखने का भी अनुमान है। हालांकि, अंतिम क्षमता और बजट DPR तथा मंजूरी के बाद ही तय होगा।

**खिलाड़ियों के लिए आसान नहीं होगी चुनौती –** करीब 11,800 फीट की ऊंचाई पर पतली हवा खिलाड़ियों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। गेंदबाजों और बल्लेबाजों को सामान्य मैदानों की तुलना में अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, ऑक्सीजन की कमी और बेहद ठंडा मौसम खिलाड़ियों की फिटनेस और निर्माण कार्य दोनों को प्रभावित कर सकते हैं।

# भारत ने 503/9 पर पारी घोषित की

## ध्रुव जुरेल का दूसरा टेस्ट शतक, पंत-गिल ने फिफ्टी लगाई



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने 9 विकेट पर 503 रन पर पारी घोषित कर दी थी।ध्रुव जुरेल ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने 100वां रन बनाने के लिए 13 बॉल खेलीं। जुरेल ने 171 बॉल पर दूसरा टेस्ट शतक लगाया। प्रसिद्ध कृष्णा उनका साथ दे रहे हैं। मोहम्मद सिराज 29 बॉल पर 3 रन बनाकर आउट हुए। मानव सुथार ने 18 रन बनाए। भारत के लिए दूसरे सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि पंत ने केशारा नुवांथा की गेंद पर सर्कल के बाहरी किनारे पर खड़े लाहिरू उदरा को कैच थमा दिया. पंत और जुरेल ने सातवें विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत–** यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, सारांश जैन, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**श्रीलंका–** लाहिरू उदारा, कामिल मिशारा, पसिंदु सोरियाबंदरा, कामिंडु मेंडिस, धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), सोनल दिनुशा, निरोशन डिकवेला (विकेटकीपर), केशरा नुवांथा, प्रभात जयसूर्या, लाहिरू कुमारा, असिथा फर्नांडो।

### ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, धोनी को पीछे छोड़ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बने



भारतीय विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋषभ पंत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। पंत ने विदेशी या न्यूट्रल वेन्यू पर टेस्ट मैचों में बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने चोट के बावजूद दूसरे दिन मैदान पर वापसी करते हुए यह खास उपलब्धि हासिल की। कोलंबो टेस्ट के दौरान ऋषभ पंत ने विदेशी और न्यूट्रल वेन्यू पर बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पंत के नाम रिपोर्ट लिखे जाने तक 41.68 की औसत से 2,501 रन दर्ज हो गए थे, जबकि महेंद्र सिंह धोनी ने 2,496 रन बनाए थे। इस सूची में फारुख इंजीनियर 1,209 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। सैयद किरमानी ने 1,109 रन बनाए हैं, जबकि किरण मोरे 901 रनों के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं।

### कोलंबो में सिर टकराने पर जायसवाल-फर्नांडो की 25 प्रतिशत फीस कटी,दोनों ने गलती मानी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो पर जुर्माना लगा दिया है. दोनों खिलाड़ी कोलंबो में जारी दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन मैदान पर ही भिड़ गए थे। आईसीसी ने सोमवार को दोनों खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाने की पुष्टि भी कर दी है. क्रिकेट की गवर्निंग बॉडी ने जायसवाल और फर्नांडो पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है. इस के अलावा दोनों को एक–एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया। आईसीसी ने एक प्रेस रिलीज में कहा, दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी के आचार संहिता के आर्टिकल 2.12 का उल्लंघन करते पाया गया. यह नियम किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायता कर्मी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (जिसमें इंटरनेशनल मैच के दौरान दर्शक भी शामिल हैं) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

### इंडिया लड़ेगा और जवाब भी देगा..., श्रीलंकाई गेंदबाज के साथ हुई झड़प पर जायसवाल ने तोड़ी चुप्पी



भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन काफी कुछ घटा. देवदत्त पडिक्कल ने लगातार दूसरा शतक जड़ा और 117 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा यशस्वी जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो के बीच तीखी बहस हुई. जिस पर जायसवाल की काफी ज्यादा आलोचना हुई। अब जायसवाल ने उन आलोचना का जवाब दिया है। उनका कहना है कि लोगों को इस झड़प के संदर्भ को जानने से पहले अपनी कोई राय नहीं कायम करनी चाहिए. जायसवाल ने ये प्रतिक्रिया मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले की राय पर दी है। क्रिकबज के एक वीडियो में कमेंटेटर हर्षा भोगले इस पूरी घटना पर अपनी राय देते हुए दिखे. उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में जायसवाल के लिए सबसे अच्छा यही था कि वे वहां से चले जाते। जायसवाल ने जल्द ही उस वीडियो पर कमेंट करते हुए कहा कि घटना की पूरी जानकारी के बिना कोई राय नहीं बनानी चाहिए. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, अगर आपको पता नहीं है कि उन्होंने क्या कहा, तो कृपया अपनी राय न बनाएं, हमें उन्हें बताना होगा, और साथ ही यह भी कहा, भारत लड़ेगा और जवाब देगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम वर्ल्ड कप से बाहर, कोच मारिन ने कहा, 'मुझे टीम पर गर्व है'

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बिना गोल खाए मैच ड्रॉ कराने में सफल रही

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया. लेकिन वो बड़े मैच का दबाव नहीं झेल सकी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बिना गोल खाए मैच ड्रॉ कराने में सफल रही. 'करो या मरो' के इस मुकाबले में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं. जिससे दोनों टीमों के पास 2-2 अंक रहे. लेकिन गोलों की गिनती के आधार पर भारतीय टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

भारत को सेमीफाइनल में जाने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था. पहले दौर में पूल डी में चीन से ड्रॉ का एक अंक भारत के पास था जबकि आस्ट्रेलिया भी एक अंक लेकर आई थी. इसके बाद गोल डिफ्रेंस के आधार पर होना था जिसमें दोनों के माइनस दो गोल थे. आस्ट्रेलिया ने तीन गोल



किये और पांच गंवाये थे जबकि भारत ने दो गोल किए और चार गंवाए थे. पॉइंट्स और गोल डिफरेंस बराबर रहने के बाद गोल की गिनती में आस्ट्रेलिया एक गोल आगे था, जिससे वो सेमीफाइनल में पहुंच गया. अब भारत क्लासिफिकेशन मैच खेलेगा जबकि नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया पूल श्व से सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच शोर्ड मारिन ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में उनकी टीम काफी नर्वस थी लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में पांचवें-छठे स्थान के प्लेऑफ में पहुंचना अभी भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मारिन ने कहा, ऐसा लग रहा था कि हमारे खिलाड़ी काफी नर्वस हैं. हम उस तरह का खेल नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे. हमारे खेल में निरंतरता का अभाव था, पासिंग और रिसीविंग में तालमेल नहीं था और कई अनावश्यक गलतियां हुई।उन्होंने आगे कहा, हम परिणाम तो नहीं बदल सकते, लेकिन मुझे लड़कियों पर बहुत गर्व है. हम साथ मिलकर जीतते हैं, साथ मिलकर हारते हैं और साथ मिलकर ड्रॉ भी खेलते हैं. सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. मुझे उन पर हमेशा गर्व रहेगा।

## द्रोणाचार्य अवॉर्डी पर यौन शोषण का आरोप

### पास्को में केस, 16 साल की पीड़ित की शिकायत– मैसेज करके जिम में बुलाया, गोद में बैठाया

**मुंबई (एजेंसी)।** द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच गणेश प्रभाकर देवरुखकर के खिलाफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रंस फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस यानी पास्को में केस दर्ज किया गया है। 45 साल के मलखंभ कोच के खिलाफ 16 साल की छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक छात्रा मुंबई के एक कॉलेज में पढ़ती है और कई साल से आरोपी कोच से जिमनास्टिक की ट्रेनिंग ले रही थी। शिकायत के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह की है। मलखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुंबई के मलखंभ फेडरेशन से घटना को लेकर जानकारी मांगी गई है। आरोपी कोच फिलहाल फरार है। मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रिंकू सिंह ने 414.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए

### यूपी प्रीमियर लीग में सिर्फ 7 गेंदों में 29 रन की पारी खेली, मेरठ की लगातार छठी जीत

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को रिंकू सिंह ने 414.29 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 7 गेंदों पर 29 रन बनाए। मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू ने गोरखपुर लायंस के खिलाफ अपनी पारी में 2 चौके और 3 छक्के लगाए।उनकी इस पारी की मदद से मेरठ ने यूपी टी-20 लीग के 16वें मैच में गोरखपुर को 10 विकेट से हरा दिया।



**8-8 ओवर का मैच खेला गया –** बारिश के कारण मैच 8-8 ओवर का कर दिया गया था। गोरखपुर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 6 विकेट पर 91 रन बनाए। जवाब में मेरठ मावेरिक्स ने 6.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 92 रन बनाकर मैच जीत लिया।यह मेरठ मावेरिक्स की इस सीजन में लगातार छठी जीत है। टीम 12 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। वहीं, गोरखपुर लायंस की 6 मैचों में यह चौथी हार है।

**जीशान ने 2 ओवर में 4 विकेट लिए –** मेरठ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गोरखपुर के ओपनर अभय प्रताप सिंह ने 16 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए।मेरठ के जीशान अंसारी ने 2 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर 4 विकेट लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे।

**रिंकू के अलावा स्वास्तिक ने बनाए 44 रन –** रिंकू सिंह के अलावा मेरठ मावेरिक्स की ओर से स्वास्तिक चिकारा ने नाबाद 44 रन बनाए। 92 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मेरठ ने शुरुआत से ही तेज बल्लेबाजी की।

## रग्बी के पूर्व स्टार ने 81 अल्ट्रा मैराथन दौड़कर बनाया रिकॉर्ड

### 100 दिन तक दौड़कर 12 करोड़ जुटा रहे डेविड जैक्सन; चोट से चली गई थी याददाश्त

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड के 25 स्थानों पर 10 किमी के सर्किट में दौड़ते हुए जैक्सन अब तक 4,000 किमी से ज्यादा की दूरी तय कर चुके हैं। इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड के 25 स्थानों पर 10 किमी के सर्किट में दौड़ते हुए जैक्सन अब तक 4,000 किमी से ज्यादा की दूरी तय कर चुके हैं। 13 साल पहले सिर की गंभीर चोट से याददाश्त खोने वाले पूर्व ब्रिटिश रग्बी खिलाड़ी डेविड जैक्सन ने लगातार 81 दिनों तक रोज 50 किमी की अल्ट्रा मैराथन पूरी कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।ब्रिस्टल में रिवर एवन के किनारे 81वीं दौड़ पूरी करते ही उन्होंने पुरुष वर्ग में लगातार सबसे ज्यादा अल्ट्रा मैराथन का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 80 दौड़ का था। हालांकि



जैक्सन का लक्ष्य सिर्फ रिकॉर्ड बनाना नहीं, बल्कि ब्रेन इंजरी से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए 100 दिन में 100 अल्ट्रा मैराथन पूरी करना है। 31 साल की उम्र में उनका 12 साल का पेशेवर रग्बी करियर एक हादसे के बाद खत्म हो गया था। नॉटिंघम रग्बी क्लब के लिए 316 मैचों में 102 ट्राई और 971 अंक बनाने वाले जैक्सन अभ्यास के दौरान साथी खिलाड़ी से सिर टकराने के बाद मैदान पर ही बेहोश हो गए थे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com